बुधवार, 17 दिसम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 27 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 06:09 | सूर्यास्त: 16:55 |


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : मित्र के साथ बैठना आसान है परन्तु साथ खड़ा रहना बहुत मुश्किल है।



प्रधानमंत्री का अगले पांच वर्ष में भारत-जॉर्डन व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर करने का प्रस्ताव पृष्ठ 8

# एसआईआर : बंगाल में मतदाता सूची का मसौदा जारी, 58 लाख नाम कटे

## 1.66 करोड़ नामों पर चुनाव आयोग को संदेह

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार की सुबह चुनाव आयोग ने उन मतदाताओं के नामों की सूची अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी, जिन्हें 2026 की ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल से हटा दिया गया है। ये नाम 2025 की मतदाता सूची में थे, लेकिन अब इन्हें बाहर कर दिया गया है। यह कदम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) 2026 के तहत उठाया गया है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, 58 लाख से ज्यादा एसआईआर फॉर्म 'अनकलेक्टेबल' पाए गए, यानी इन्हें जमा नहीं किया जा सका या सत्यापन नहीं हो सका। इन नामों को हटाने की वजहें साफ हैं। कई मतदाता अपने दर्ज पते पर नहीं मिले, कुछ स्थायी रूप से कहीं और शिफ्ट हो गए, तो कुछ की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, कुछ नाम एक से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में डुप्लीकेट पाए गए। आयोग का कहना है कि मतदाता सूची को साफ-सुथरा और सटीक बनाने के लिए यह जरूरी कदम है। जिन भी लोगों ने गणना प्रपत्र भरा है, उनमें से लगभग सभी के नाम मसौदा सूची में हैं। इनमें करीब 1.66 करोड़ नामों पर चुनाव आयोग को संदेह है। उन लोगों के तथ्यों की बारीकी से जांच की जाएगी। जरुरत पड़ने पर उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। संतोषजनक तथ्य नहीं पेश कर पाने पर उनके नाम हटाए जा सकते हैं। मसौदा सूची में शामिल 30 लाख से अधिक मतदाताओं को सुनवाई का सामना करना होगा। बाकी एक करोड़ से अधिक मतदाताओं में से कुछ को जरुरत पडने़ पर सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। 30 लाख 59 हजार 273 मतदाता 2002 की लिस्ट से अपना कोई लिंक नहीं दिखा पाए हैं यानी उनकी जानकारी 2002 से 'मैपिंग' नहीं हो पाई। इन सभी के



नाम मसौदा सूची में हैं, हालांकि यह पक्का नहीं है कि वे वैध मतदाता हैं या नहीं इसलिए इन सभी को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

### 1.36 करोड़ और शक के घेरे में

'नो मैपिंग कैटेगरी के मतदाताओं के अलावा आयोग को एक करोड़ 36 लाख और मतदाताओं पर शक है। आयोग को उनके गणना प्रपत्रों में मिली जानकारी संदिग्ध लग रही है इसलिए उन्हें वेरिफाई करने का फैसला किया गया है, हालांकि इन सभी को सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाएगा। कुछ मामलों में मतदाताओं से उनके पिता या माता सिर्फ 15 साल बड़े हैं। कुछ मामलों में मतदाता अपने दादा या दादी से 40 साल भी छोटे नहीं हैं। कुछ मामलों में मतदाता और उसके माता-पिता के बीच उम्र का अंतर 50 साल से अधिक है। कुछ जगहों पर छह से अधिक मतदाताओं के पिता का नाम एक ही है। संबंधित इलाके के बीएलओ उन सभी के घर जाकर इसकी जांच करेंगे। जिनकी जानकारी से संतुष्ट नहीं होंगे, उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

### 15 जनवरी तक आपत्ति दर्ज कराने का मौका

अगर किसी का नाम गलती से हटा दिया गया है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। आयोग ने साफ कहा है कि प्रभावित व्यक्ति ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद दावा कर सकते हैं। इसके लिए फॉर्म 6 भरना होगा, साथ में डिक्लेरेशन फॉर्म और जरूरी दस्तावेज लगाने होंगे। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। आयोग इन दावों पर सुनवाई करेगा और सही पाए जाने पर नाम वापस जोड़ा जाएगा।

### सुनवाई के लिए दिया जाएगा नोटिस

अगले कुछ दिनों में जिन लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें बीएलओ घर-घर जाकर नोटिस देंगे। उन्हें यह भी बताया जाएगा कि उन्हें सुनवाई के लिए कब और कहां हाजिर होना है। इसी तरह संबंधित मतदाता को जरुरी दस्तावेजों के साथ तय दिन तय जगह पर पहुंचना होगा। सुनवाई आयोग द्वारा नियुक्त असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन आफिसर्स (एईआरओ) करेंगे। अगर एईआरओ संबंधित मतदाता की जानकारी के वेरिफिकेशन के दौरान भी संतुष्ट नहीं होता है तो उसका नाम लिस्ट से हटाया जा सकता है।

## मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता : खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने पद से दिया इस्तीफा

### मुख्यमंत्री ममता संभालेंगी खेल मंत्री का प्रभार




**डीजी औंर बिधान-नगर के सीपी को शोकॉज नोटिस, डीसीपी निलंबित :पृष्ठ 3**


**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले हफ्ते फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम से जुड़े आयोजन में कुप्रबंधन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर खेल मंत्री अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने यह जानकारी दी। दरअसल, अरूप बिस्वास ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल मंत्री के पद से मुक्त कर देने का अनुरोध किया था। हालांकि, वह कैबिनेट मंत्री के रूप में बने रहेंगे और उनके पास बिजली विभाग का प्रभार बना रहेगा। मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि अरूप बिस्वास का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है तथा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खेल एवं युवा कल्याण विभाग का कार्यभार संभालेंगी। पता चला है कि अरूप बिस्वास ने सोमवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खेल विभाग वापस ले लेने की मांग की थी। उन्होंने पत्र में घटना की 'निष्पक्ष' और बिना किसी बाधा के जांच की आवश्यकता का हवाला दिया था। सूत्रों के अनुसार, खेल मंत्रालय से उनका इस्तीफा स्वीकार होने के बाद भी वह राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य बने हुए हैं। अरूप बिस्वास के पद से हटने के अनुरोध के बाद, खेल और युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मंगलवार को राज्य सचिवालय 'नवान्न' में तलब किया गया।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे टूटकर 91.01 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई :** रुपया मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 23 पैसे टूटकर 91.01 (अस्थायी) के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। सरकार ने राज्यसभा में घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट का कारण बढ़ते व्यापार घाटे और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से संबंधित चल रहे घटनाक्रमों को बताया।






## इथियोपिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा



**अदीस अबाबा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को उनके इथियोपियाई समकक्ष अबी अहमद अली ने इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान मंगलवार को अदीस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली में जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को भारत-इथियोपिया साझेदारी को मजबूत करने में उनके असाधारण योगदान और वैश्विक राजनेता के रूप में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए यह सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले वैश्विक राष्ट्राध्यक्ष/सरकार प्रमुख हैं।


## हर राज्य और केंद्र-शासित प्रदेश में एनआईए की समर्पित अदालत होगी: केंद्र ने न्यायालय से कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने आतंकवाद से जुड़े मामलों में त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए हर राज्य और केंद्र-शासित प्रदेश में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक समर्पित अदालत स्थापित करने का फैसला लिया है। केंद्र ने शीर्ष अदालत को यह भी बताया कि उन राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में एक से अधिक विशेष एनआईए अदालत स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जहां आतंकवाद विरोधी कानून के तहत 10 से अधिक मामले विचाराधीन हैं। वहीं, दिल्ली सरकार ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि संगठित अपराध और आतंकवाद से जुड़े मामलों से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 16 विशेष अदालतें स्थापित की जा रही हैं।

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर कई वाहन टकराए, 13 लोगों की मौत व 95 अन्य घायल



**मथुरा (उप्र) :** मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के कई बसों व तीन अन्य गाड़ियों के आपस में टकराने के बाद कई वाहनों में लगी आग में झुलसने से 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में करीब 95 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। इस बीच जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (एडीएम) के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है, जिसे दो दिनों के भीतर तफ्तीश पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गये हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के आगरा-नोएडा साइड पर मंगलवार तड़के हुए हादसे की जांच के लिए मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमरेश कुमार को नामित किया है। उन्होंने बताया कि यह हादसा तड़के करीब साढ़े चार बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव थाना क्षेत्र में तब हुआ जब घने कोहरे में आठ बस और तीन छोटे वाहन आपस में टकरा गए। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने कहा, ''आगरा से नोएडा की ओर जा रहे वाहनों की आपस में टक्कर हो गई।'' उन्होंने बताया कि संभवत: कोहरा होने से कम दृश्यता के कारण यह हादसा हुआ। कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बलदेव थाना प्रभारी रंजना सचान ने कहा, ''मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है जिनमें से अब तक सिर्फ तीन की पहचान हो पाई है। इनकी पहचान प्रयागराज के निवासी अखिलेंद्र प्रताप यादव (44), आजमगढ़ निवासी रामपाल (75) और गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र के मुस्कान बाजार निवासी सुल्तान (62) के रूप में हुई है।

# नफरती आतंकी हमलों से लड़े दुनिया

सिडनी में यहूदियों को निशाना बनाये जाने की घटना ने पहलगाम आतंकी हमले के जख्मों को हरा कर दिया। पहलगाम में भी आतंकियों ने लोगों को चुन-चुनकर मारा था। सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय की सभा पर हुआ हमला हमें इस क्रूरता की याद दिलाता है कि आतंकवादी आम जीवन के केंद्र में, प्रार्थना स्थलों और सुकून देने वाले स्थलों को ही अपना निशाना बनाते हैं। यह हिंसा उस हनुक्का उत्सव के दौरान की गई, जो अंधकार के साम्राज्य को प्रकाश से पराजित करने का संकल्प दर्शाता है। इस मायने में यह हमला क्रूरता की हद दर्शाता है। दरअसल, आस्ट्रेलिया लंबे समय से इस विश्वास के चलते शांति का अहसास करता रहा है कि तमाम वैश्विक संघर्षों से बनायी गई उसकी दूरी, उसे सुरक्षा प्रदान करती है। लेकिन इस घटना के बाद उसका भ्रम टूटा है। अब जाकर उसे यह अहसास हुआ है कि आतंकवादी अपने घातक मसूंबों को अंजाम देने के लिये हमारे ऐसे ही विश्वासों को तोड़कर हमले करते हैं। बॉन्डी के हमले ने न केवल आस्ट्रेलिया के भ्रम को तोड़ा है बल्कि उसे अपनी सुरक्षा नीतियों में बदलाव को बाध्य किया है। जैसा कि अपरिहार्य है, आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने हमले को एक वैश्विक आतंकवाद के रूप में वर्गीकृत किया है। खासकर हिंसा के तौर-तरीके और वैचारिक मकसद को ध्यान में रखते हुए। यह वर्गीकरण इस बात को भी स्वीकार करता है कि हमला नफरत से प्रेरित हिंसा के एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा था,जो दुनिया के तमाम देशों में देखा जा रहा है। इस आतंकी घटना के बाद यहूदी समुदाय में दुख के साथ-साथ आक्रोश भी उमड़ रहा है। खासकर इस बात को लेकर कि यहूदी समुदाय द्वारा लंबे समय से दी जा रही चेतावनी के बावजूद आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी रवैये को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस प्रवृत्ति पर पहले से ही सतर्क निगरानी रखी गई होती तो शायद बॉन्डी के हमले को टाला जा सकता।

निस्संदेह, आस्ट्रेलिया में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ही इस मुद्दे पर सार्वजनिक बहस तीखी और ध्रुवीकृत हो चली थी। हालांकि, यहां हुए अधिकांश विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन चरमपंथी विचारधारा का पोषण करने वाले मुट्ठीभर लोग भी घातक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। यह हमला ऐसे मंसूबों की रोकथाम की सीमाओं को भी उजागर करता है। निस्संदेह, सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से आंतकी नेटवर्क की निगरानी समय रहते की जा सकती है। वे सही वक्त पर ही न केवल आने वाले खतरों का आकलन कर सकती हैं बल्कि साजिशों को नाकाम भी कर सकती हैं। लेकिन एक विसंगति यह भी है कि सार्वजनिक स्थानों पर अकेले हमले करने वालों को रोकना कुछ कठिन जरूर होता है। जैसे कि इस मामले में देखने में आया है। फिर भी, इस भयावह घटना के बीच एक साहस देखने को भी मिला। एक बहादुर राहगीर ने एक हमलावर को निहत्था करने के लिये अपनी जान भी जोखिम में डाली। हालांकि, वह इस प्रयास में घायल हुआ, लेकिन वह कई लोगों की जान बचाने में कामयाब हुआ। पूरी दुनिया में उसके साहस के लिये प्रशंसा हो रही है। संकट की घड़ी में ऐसा साहस आतंकवादियों की कायरता पर करारा प्रहार होता है और इससे आतंकवादियों के मंसूबे धरे रह जाते हैं। यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि घोर अंधकार के क्षणों में भी मानवता का अंत नहीं होता। निश्चित रूप से इस घटना के बाद आस्ट्रेलिया को सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके यहां रह रहे संवेदनशील समुदायों के लिये मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही समय रहते समाज में घृणा को बढ़ाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ऐसे वक्त में जब हमास व इस्राइल के संघर्ष के बाद पूरी दुनिया में यहूदी विरोधी माहौल बनाया जा रहा है, तो इसके खिलाफ वैश्विक स्तर पर साझा लड़ाई लड़ने की जरूरत है। विश्व समुदाय को किसी धर्म या संप्रदाय के खिलाफ होने वाली आतंकी घटनाओं का मुकाबला मिलकर करने की जरूरत है। अन्यथा कट्टरपंथी तत्वों के हौसले बुलंद होते रहेंगे। इसके अलावा आतंकी संगठनों को आर्थिक मदद, समर्थन व अन्य सहयोग देने वाले देशों पर भी शिकंजा कसने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 दिसम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 26:32 तक, नक्षत्र : विशाखा, 17:04 तक, योग : सुकर्माण, 14:13 तक, सूर्योदय: 06:09, सूर्यास्त: 16:55, चन्द्रोदय : 03:41, चन्द्रास्त: 14:39, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:32 से 12:52

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मेष राशि के जातकों के लिए चुनौती पूर्ण रहने वाला है। वृश्चिक राशि का चंद्रमा आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थी ग्रह है।

**वृष :** आज राशि का स्वामी शुक्र सप्तम जाया भाव प्रमुख केंद्र भाव में होने से शुभ हो गया है। ऐसे में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। हालांकि आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। ऐसे में बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्ति के योग हैं।

**कर्क :** आज शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आज के दिन लिया गया कोई निर्णय आगे चलकर आपके लिए लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होती दिख रही है।

**सिंह :** आज के दिन सिंह राशि के लोगों को भाग्य हर काम में साथ देगा। विरोधियों का षड्यंत्र आज के दिन असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

**कन्या :** राशि का स्वामी बुध तृतीय प्रमुख पराक्रम भाव घर में संचार कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

**तुला :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वितीय कोष केंद्र भाव में और राहु षष्ठम शत्रु भाव में है। ऐसे में अधिक मेहनत के बाद भी आपको पूरा फल प्राप्त नहीं होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। हालांकि, कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है।

**धनु :** राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क में है। चंद्रमा आज व्यय भाव में संचार कर रहा है। ऐसे में राज्य कार्यों में सफलता मिलेगा और घर में धन धान्य की वृद्धि होगी।

**मकर :** राशि का स्वामी शनि तृतीय भाव में उदय है किन्तु चन्द्रमा एकादश भाव में राज्य विजय कारक है। आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ :** आपकी राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव कोष में मीन राशि में अपने घर संचार कर रहे हैं। कर्मफल की सिद्धि कारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने का योग बन रहा है।

**मीन :** आपकी राशि का स्वामी देव गुरु बृहस्पति राशि से पंचम सुख भाव में कर्क राशि का होकर विद्यमान है। चंद्रमा भी आज वृश्चिक राशि पर नवम का चल रहा है।

# भारत के टेक्सटाइल की नई ग्लोबल पोज़िशनिंग



गिरिराज सिंह
लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं

जब हम भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बात करते हैं, तो हम केवल फैक्ट्री, मशीनों और फैशन की नहीं, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों की बात करते हैं, जिनकी ज़िंदगी कॉटन के खेतों, हैंडलूम, पावरलूम और सिलाई मशीनों से जुड़ी है।

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस व्यापक सोच, दृढ़ संकल्प और निर्णायक नीतिगत सुधार को इस क्षेत्र ने देखा है, उससे आज टेक्सटाइल सेक्टर एक नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। आज जब हम टेक्सटाइल सेक्टर में लागू हालिया सुधारों के प्रभाव की बात करते हैं, तो यह केवल बदलाव नहीं, बल्कि किसानों, उद्यमियों, महिलाओं, बुनकरों, तकनीशियनों और युवाओं की नई संभावनाओं की कहानी है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक टेक्सटाइल शक्ति बनाना है। यह लेख सिर्फ़ योजनाओं की सूची नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की झलक है जिसे हम सब ने मिलकर आकार दिया है।

**किसान-केंद्रित बदलाव :** कॉटन की रिकॉर्ड प्रोक्योरमेंट और MSP में ऐतिहासिक वृद्धि टेक्सटाइल क्षेत्र की जड़ें खेत में हैं और किसान इस यात्रा की पहली कड़ी हैं। इसलिए हमारी प्राथमिकता हमेशा यह रही कि कॉटन किसान को बाजार के उतार-चढ़ाव, दामों की अनिश्चितता और बिचौलियों की दबाव-प्रणाली से मुक्त किया जाए। यही कारण है कि 2004 से 2014 के बीच जहाँ सरकारी एजेंसियों द्वारा कुल 173 लाख कॉटन बेल्स की खरीद हुई, वहीं 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर 473 लाख कॉटन बेल्स पर पहुँची। यह लगभग 173% की वृद्धि है, जो दर्शाती है कि सरकार ने किसान को सिर्फ़ मौसमी प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि उसे स्थायी सुरक्षा दी।

इसी तरह चड्ढ में सुधार भी किसानों को स्थिरता देने वाला बड़ा कदम रहा है। 2013-14 में कॉटन का चड्ढ 3,700 रुपये प्रति क्विंटल था, जबकि 2025-26 में इसे बढ़ाकर 7,710 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यह 108% की वृद्धि है, जो किसान की आय, सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करती है। जब हम कहते हैं कि किसान हमेशा सुरक्षित है, तो यह सिर्फ़ बात भर नहीं, बल्कि इन वास्तविक आँकड़ों पर आधारित सच्चाई है कि सरकार पहले से अधिक मात्रा में कॉटन खरीद रही है और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर रही है।

**मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी:** क्वालिटी, प्रोडक्टिविटी और न्यू ऐज फाइबर सिर्फ़ ज़्यादा प्रोडक्शन ही काफ़ी नहीं, बेहतर क्वालिटी भी उतनी ही ज़रूरी है। इसी सोच के साथ 2,500 करोड़ का मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य केवल प्रोडक्शन बढ़ाना नहीं, बल्कि कॉटन की गुणवत्ता को विश्व-स्तर तक पहुँचाना है। इस मिशन के तहत बेहतर बीज, वैज्ञानिक खेती, फार्म मैनेजमेंट और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाएँ मजबूत की जा रही हैं। इसके साथ ही किसान को न्यू-एज फाइबर की तरफ प्रेरित करने का प्रयास भी किया जा रहा है ताकि भारत ग्लोबल वैल्यू-चेन में हाई क्वालिटी कॉटन और मिक्स्ड फाइबर के प्रमुख सप्लायर के रूप में उभरे।

जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो पुनः स्पष्ट करना आवश्यक है कि टेक्सटाइल की अगली वृद्धि ट्रेडिशनल फाइबर पर ही आधारित नहीं होगी। इसी दिशा में सरकार ने फ्लैक्स, रैमी, सिसल और मिल्कवीड जैसे न्यू ऐज फाइबर को प्राथमिकता में रखा है। यह फाइबर किसानों के लिए कम लागत के साथ अधिक आय देने वाले अनुकूल विकल्प हैं और इनसे पूरी वैल्यू-चेन में नई प्रोसेसिंग, नए उद्योग और बड़े पैमाने पर नए रोज़गार पैदा होंगे। मिल्कवीड जैसे पौधे अब न्यू-एज टेक्सटाइल फाइबर के रूप में उभर रहे हैं और निकट भविष्य में ये किसानों के लिए अतिरिक्त आय का निश्चित ही महत्वपूर्ण स्रोत बनेंगे।

**कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत से उद्योग को स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा**

कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी हटाने का फैसला उद्योग के लिए तुरंत राहत देने वाला कदम साबित हुआ है। पहले यह राहत 30 सितंबर तक ही दी गई थी, लेकिन इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इस कदम से मिल्स को इंटरनेशनल कम्पेटिटिव दामों पर कॉटन मिलने लगा, जिसकी वजह से यार्न और फैब्रिक की प्रोडक्शन कॉस्ट कम हुई जो सीधे तौर पर हमारे टेक्सटाइल एक्सपोर्ट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने वाली साबित होगी।

SMEs के लिए यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत मिलने से अब उन्हें स्थिरता, बेहतर प्लानिंग और कॉस्ट मैनेजमेंट का अवसर मिलेगा। साथ ही, डोमेस्टिक मार्केट में भी रॉ कॉटन की आपूर्ति होगी, जिससे हैंडलूम, पावरलूम, डिजाइनर सेगमेंट, और फैब्रिक आधारित स्टार्टअप तक सभी को हाई क्वालिटी फाइबर उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाएगा। यह निर्णय भारत को एक स्थिर और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में महत्व-पूर्ण कदम है।

**PLI योजना से टेक्सटाइल सेक्टर की औद्योगिक प्रगति**

PLI योजना ने टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा दी है जिसने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उद्योग की मांग को देखते हुए आवेदन पोर्टल को 31 दिसंबर 2025 तक पुनः खोला गया है जिसमें अब तक 27 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे नई फैक्ट्रियाँ, नई टेक्नोलॉजी, और हज़ारों नए रोजगार सृजित किए जाएंगे और 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर के 12 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी मदद मिलेगी।

अब तक 74 स्वीकृत कंपनियों में से 42 कंपनियों का टेक्निकल टेक्सटाइल में होना इस बात का संकेत है कि भारत इनोवेशन से भरे इस सेक्टर में गंभीर रूप से निवेश कर रहा है। फलस्वरूप टेक्निकल टेक्सटाइल्स का एक्सपोर्ट भी पिछले वर्ष की तुलना में 12.4 प्रतिशत बढ़कर 3.2-3.4 बिलियन डॉलर तक पहुँचा। सबसे रोचक तथ्य यह है कि शीर्ष 10 कंपनियों द्वारा किया गया वास्तविक निवेश 4,584 करोड़ रुपये रहा, जो कि उनकी कमिटेड राशि से करीब 500 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

इसका सबसे प्रेरक उदाहरण बेबी डायपर्स और सैनिटेरी नैप्किंस का है। एक समय था जब भारत इन प्रोडक्टस के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी उत्पादों पर निर्भर था, लेकिन आज झड्ख के बाद हम इस सेक्टर में इम्पोर्ट डिपेंडेंसी से मुक्त होकर नेट एक्सपोर्टर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**MEG और विस्कोस पर QCO हटाने से MMF वैल्यू-चेन को राहत**

हाल ही में MEG और विस्कोस पर QCO हटाने का निर्णय लिया गया जो इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों और ग्लोबल सप्लाई चेन की परिस्थितियों को समझते हुए लिया गया है। QCO हटने के बाद अब MMF वैल्यू-चेन को वैश्विक स्तर के रॉ मटेरियल कम्पेटिटिव दरों पर मिलेंगे, जिससे प्रोडक्शन प्लानिंग और लागत दोनों में सुधार होगा।

डाउन-स्ट्रीम सेक्टर जिसमें विशेषकर गारमेंटिंग सेक्टर को तुरंत राहत मिलेगी। आज इस क्षेत्र में लगभग 1.4 करोड़ नौकरियाँ हैं और हमारा लक्ष्य 2030 तक इसमें 1 करोड़ नई नौकरियों के अवसर तैयार करना है।

**Next Gen GST : इनवर्टेड ड्यूटी की समस्या से राहत**

टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के सुधार को लेकर एक पुरानी डिमांड थी जिससे वर्किंग कैपिटल ब्लॉक हो जाता था। पर अब Next Gen GST रिफॉर्म से इस समस्या को दूर किया गया है।

इसके साथ ही रेडीमेड गारमेंट्स के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 2,500 तक के अपेरल पर GST 5% किया गया है। जिससे मिडिल क्लास, युवा व विद्यार्थियों के लिए कपड़े अब और अधिक किफायती होंगे। साथ ही टियर 2-3 शहरों और गांवों में भी इसकी डिमांड भी बढ़ेगी।

**लेबर रिफॉर्म से टेक्सटाइल वर्कर्स को सुरक्षा और सम्मान**

टेक्सटाइल क्षेत्र में बड़ी संख्या में माइग्रैन्ट, महिला और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स काम करते हैं। हाल के लेबर रिफॉर्म इन्हें वास्तविक अधिकार, सुरक्षा और स्थिरता देने के लिए बनाए गए हैं। सभी अब समान वेतन, समान कल्याण योजनाओं और सुविधाओं के हकदार होंगे। ये सुधार टेक्सटाइल वर्कफोर्स को एक सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

**PM² MITRA Parks : इंटीग्रेटेड वैल्यू-चेन और 21 लाख रोजगार**

PM² MITRA योजना भारत के टेक्सटाइल सेक्टर के लिए गेम-चेंजर साबित हो रही है। यह पार्क सिर्फ़ इंडस्ट्रियल क्लस्टर नहीं, मैं इन्हें हमारे टेक्सटाइल सेक्टर के 7 ऊर्जा-केंद्र मानता हूँ। सातों राज्यों में भूमि आवंटन के साथ काम सुचारु रूप से प्रगतिशील है। अभी तक देशभर से लगभग 33,000 करोड़ रुपये की इनवेस्टमेंट आकर्षित किया है। साथ ही इन पार्कों से करीब 21 लाख रोजगार सृजित होंगे।

**FTA और नए वैश्विक बाज़ार**

जून 2024 में वस्त्र मंत्रालय संभालते वक्त यह साफ़ था कि भारत कुछ चुनिंदा ट्रेडिशनल मार्केट्स पर ही निर्भर है। इसलिए मैंने टीम को निर्देश दिया कि दुनिया के नए इमर्जिंग मार्केट्स को पहचानें, उनके डिमांड ट्रेंड्स और पर-कैपिटा इंकम का अध्ययन करें। इसके बाद 40 ऐसे नए बाज़ार पहचाने गए जहाँ भारत की मौजूदगी बहुत कम थी, लेकिन संभावना बहुत ज्यादा है।

इसी सोच के साथ आज भारत 27 देशों के साथ FTA के जरिए नए बाज़ारों में मज़बूती से प्रवेश कर चुका है। हाल में UK के साथ हुआ उएढ- समझौता इसका बड़ा उदाहरण है। इसका असर तुरंत दिखा और अप्रैल 2024 से 2025 के बीच UK को हमारे एक्सपोर्ट में 15 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसी तरह India-EFTA Agreement हमारे लिए लगभग 14 बिलियन डॉलर के प्रीमियम मार्केट का द्वार खोलता है।

सिर्फ़ एक साल में भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 111 देशों में बढ़े, जिसमें 38 देशों में 50% से ज़्यादा और 16 देशों में 25-50% की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे प्रेरक कहानी अर्जेंटीना की रही जो कभी भारत के लिए एक चैलेंजिंग मार्केट था, आज वहीं हमारे एक्सपोर्ट में 73% की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।

यह सभी प्रयास मिलकर यही दिखाते हैं कि भारत का टेक्सटाइल सेक्टर अब सिर्फ़ उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि देश की ताकत और आगे बढ़ने की क्षमता का बड़ा आधार बन चुका है। आज हमारा टेक्सटाइल सेक्टर नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, और आने वाले सालों में भारत दुनिया की प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे खड़े होने की क्षमता रखता है। हमारा लक्ष्य साफ़ है भारत को ऐसा टेक्सटाइल हब बनाना जो भरोसेमंद, आधुनिक और आने वाले समय की जरूरतों के हिसाब से सस्टेनेबल भी हो।

# वीआईपी दर्शन पर सुप्रिम आदेश, निर्णय केंद्र करे



अशोक मधुप

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' सुविधा को चुनौती देने वाली याचिका भले ही खारिज कर दी, किंतु इस याचिका पर कोर्ट द्वारा कही गई बातों की गूंज दूर तक जाएगी। यह गूंज केंद्र सरकार को विवश करेगी कि वह मंदिरों में हाने वाले वीवीआईपी दर्शन पर रोक लगाने वाला निर्णय लें । कोर्ट की ये गूंज आने वाले समय में मंदिरों के वीवीआईपी दर्शन कर रोक लगाने का रास्ता प्रशस्त करेगी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। यह याचिका मंदिरों की तरफ से वसूले जाने वाले वीआईपी दर्शन शुल्क को समाप्त करने की मांग कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमारी राय है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का उपयुक्त मामला है।' यह आदेश में दर्ज किया गया लेकिन मामला सरकार के विचार के लिए छोड़ दिया गया।उगख खन्ना ने कहा कि यह मामला कानून-व्यवस्था का प्रतीत होता है और याचिका इस पहलू पर होनी चाहिए थी। बेंच ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज होने से संबंधित अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'आज 12 ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ इस प्रैक्टिस को फॉलो करते हैं। ये मनमाना और भेदभाव वाला है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने भी आंध्र प्रदेश से इसकी समीक्षा करने को कहा है। चूंकि, भारत में 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक है, इसलिए ये भगदड़ की प्रमुख वजह भी है।' सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका विजय किशोर गोस्वामी ने डाली थी। उन्होंने मंदिरों में अतिरिक्त शुल्क लेकर 'वीआईपी दर्शन' के चलन को आर्टिकल 14 के तहत समानता के अधिकार और आर्टिकल 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने दलील दी कि जो लोग इस तरह का शुल्क अदा करने में असमर्थ हैं, ये उनके खिलाफ भेदभाव है। याचिका में जोर देकर कहा गया था कि कई मंदिर 400 से 500 रुपये में लोगों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था करते हैं। इससे आम श्रद्धालु और खासकर महिलाएं, स्पेशली एबल्ड लोग और सीनियर सिटिजंस को दर्शन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मामला देश भर के मंदिरों में आम लोगों और वीआईपी के बीच भेदभाव के मुद्दे को उठाता है। वीआईपी दर्शन की सुविधा से आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जबकि वीआईपी आसानी से दर्शन कर लेते हैं।

ये एक जगह नही है,श्रृद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगह -जगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकत्ता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रृद्धाल-ुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया। यहां पुजारी पांच रूपया प्रति व्यक्ति लेकर सीधे दर्शन करा रहे थे। अभी वेट द्वारिका जाना हुआ। हम परिवार के छह सदस्य थे। एक पंडित जी ने हमसे पांच सौ रूपये लिए।अलग लाइन से हमें आराम से दर्शन कराए। भीड़ भाड़ भी बची।वैसे दर्शन में दो से तीन घंटे लगते पांच सौ रूपये में आधा घंटा में दर्शन कर मंदिर से बाहर आ गए। करीब दस साल पहले हम गुजरात में अम्बा जी गए थे। दर्शन की लाइन में लगे थे कि कर्मचारियों ने यह कह कर हमके रोक दिया कि दर्शन का समय समाप्त हो गया, जबकि कुछ अन्य को लगातार प्रदेश दिया जा रहा। किसी तरह हम अन्यों वाली पंक्ति में शामिल हुए। तब दर्शन हुए। दर्शन भी बड़े आराम से हुए। काफी समय हम मंदिर में रूके , जबकि ऐसा पहले संभव नही था। इस तरह का भेदभाव हमें कई जगह देखने को मिला। उज्जैन में तो आप पंडित को पांच सौ के आसपास रूपये दीजिए। वह मंदिर के गर्भ गृह में ले जाकर पूजन अर्चन कराते हैं। जो ये रकम नही देते वे गर्भगृह के बाहर ही दूर से दर्शन कर तृप्त हो जाते हैं। ओंकारेश्वर में तो पंडित जी पूजा भी आराम से और श्रद्धालुओं की पंक्ति से अलग लेकर कराते हैं। मथुरा जी के बांके बिहारी मंदिर में सुपरिम आदेश से यह व्यवस्था रूकी है, अन्यथा लगभग सभी मंदिरों की हालत ऐसी ही है।

सुपरिम कोर्ट ने याचिका तो खारिज कर दी, किंतु इस वीआईपी दर्शन पर रोक वाली गेंद केंद्र सरकार के पाले में यह कह कर डाल दी । बेंच ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है।

सुपरिम कोर्ट का यह निर्देश अब केंद्र सरकार को विवश करेगा कि मंदिरों में आम आदमी के साथ हो रहे भेदभाव को रोके और बांके बिहारी मंदिर की तरह पैसा लेकर कराए जा रहे वीआईपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करे। व्यवस्था अयोध्या जी के श्रीराम मंदिर जैसी हो, जहां श्रद्धालू बिना भेदभाव आराम से 2530 मिनट में दर्शन कर बाहर आ सके।-लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

## विदेश की खबरें

### भारत और इजराइल की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति : जयशंकर

**यरूशलम :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर पिछले सप्ताहांत यहूदी पर्व हनुक्का का जश्न मना रहे लोगों पर हुए आतंकवादी हमले की मंगलवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत और इजराइल, दोनों की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति है। जयशंकर इजराइल की दो दिवसीय यात्रा के तहत मंगलवार को तेल अवीव पहुंचे। उन्होंने अपने इजराइली समकक्ष गिदोन मोशे सार के साथ संवाददाताओं से बातचीत की। जयशंकर ने कहा, सबसे पहले, मैं बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान हुए आतंकवादी हमले में जानमाल के नुकसान पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि हम इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं। सिडनी के बॉन्डी बीच पर पिछले सप्ताहांत यहूदी पर्व हनुक्का का जश्न मना रही भीड़ पर दो हमलावरों की ओर से की गई गोलीबारी में 15 लोग मारे गए थे और 40 अन्य घायल हो गए थे। जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के सहयोग के लिए इजराइल का आभार जताया। उन्होंने कहा, भारत और इजराइल, हम दोनों ऐसे देश हैं, जिनकी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति है।

### ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर गोलीबारी का संदिग्ध मूल रूप से हैदराबाद का निवासी था: पुलिस

**हैदराबाद/मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर पिछले सप्ताहांत हुई गोलीबारी में शामिल संदिग्धों में से एक साजिद अकरम मूल रूप से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद का रहने वाला था। तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय साजिद भले ही 27 साल पहले ऑस्ट्रेलिया जाकर बस गया था, लेकिन उसके पास भारतीय पासपोर्ट था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साजिद अपने बेटे नवीद अकरम के साथ हाल ही में भारतीय पासपोर्ट पर फिलिपीन गया था। साजिद बॉन्डी बीच पर पुलिस कार्रवाई के दौरान मारा गया था। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, साजिद नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था और उसका हैदराबाद में रहने वाले अपने परिवार से सीमित संपर्क था। बयान में कहा गया है, साजिद मूल रूप से हैदराबाद (भारत) का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बी.कॉम की डिग्री हासिल की और फिर रोजगार की तलाश में लगभग 27 साल पहले नवंबर 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया। इसमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया में साजिद ने यूरोपीय मूल की एक महिला से शादी कर ली और वहीं बस गया।

## वर्ग पहेली नं. 3294

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | ■ | 19 | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |
| ■ | 25 | | ■ | 26 | | | ■ | 27 | 28 |
| 29 | | | | | ■ | 30 | 31 | ■ | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 32 | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) अल्पतम, 2) समानता, 3) सुस्ती, 4) हथेली, 5) प्रयत्न, 10) गरमाना, 12) प्रकट, 14) तीन का समुदाय, 16) बखेड़ा; कूड़ा-करकट, 18) झपटना, 21) हत्या, 23) पराधीन, 24) नीचे आना, 26) आद्योपरान्त, 28) उष्ण, 29) इसी पल, 31) पूँजी.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) भुना हुआ मसालेदार मांस, 3) प्रेमी, 5) व्यसनी, 6) बुद्धपुत्र, 7) आचरण, 8) लालसा; माँग, 9) लगातार, 11) जुर्माना, 13) प्रथा, 15) नयनपट, 17) जल कल की टोटी, 19) दुर्जन, 20) खुले में, 22) ज़ख़्म का घुरंड, 24) छलांग, 25) हाथ का पंजा, 26) चिंताग्रस्त, 27) पर्वत, 29) गैरज़रूरी, 30) पराग, 32) अज्ञात.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | का | स | ■ | ■ | आ | व | भ | ग | त |
| वा | ■ | ह | म | स | फ़ | र | ■ | ली | क |
| दा | म | न | ■ | र | त | ■ | प | ■ | रा |
| स्प | ■ | शी | र्ष | क | ■ | भ | र | मा | र |
| द | ख़ा | ल | ■ | ना | क | ■ | ख़ा | ल | ■ |
| ■ | स | ता | ना | ■ | ले | ट | ना | ■ | स |
| जा | म | ■ | श | नि | वा | र | ■ | आ | ला |
| सू | ■ | साँ | ■ | खा | ■ | का | म | धा | म |
| स | म | झ | दा | र | ■ | ना | ई | ■ | ती |

## सुडोकू-पहेली-3252

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 8 | 9 | 2 | 3 | |
| | | | 2 | 7 | 3 | | | |
| 1 | 6 | | 4 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | 7 | | | | | 5 |
| | 9 | | | 3 | | | 7 | 1 |
| 3 | | 7 | | | 6 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3251 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 5 | 1 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 |

# एसआईआर : राज्य में सबसे अधिक कोलकाता उत्तर में 25 और दक्षिण में 23.82 प्रतिशत नाम कटे

## कोलकाता उत्तर में 3,90,390 वोटर और दक्षिण में 2,16,150 वोटर के नाम कटे

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में एसआईआर की मसौदा सूची मंगलवार को जारी हो गई है। इसके साथ ही देखा जा रहा है कि राज्य में सबसे अधिक वोट कोलकाता उत्तर में कटा है। कोलकाता उत्तर और दक्षिण में जिसे तृणमूल का गढ़ कहा जाता है वहां यहां सबसे ज्यादा वोट कटे हैं। कोलकाता उत्तर में 25 प्रतिशत नाम कटे (3,90,390 वोटर) जो राज्य में सबसे अधिक है। वहीं, कोलकाता दक्षिण में 23.82 प्रतिशत नाम कटे (2,16,150 वोटर) हैं।




**❑ दक्षिण 24 परगना में सबसे अधिक मतदाताओं के नाम कटे**

तृणमूल की लाइफलाइन कहे जाने वाले जिले में 8,18,432 यानी करीब 9.52 प्रतिशत नाम कटे हैं। 2021 के चुनाव में, दक्षिण 24 परगना की 31 में से 30 सीटें तृणमूल ने जीती थीं, केवल एक सीट (भांगड़) आईएसएफ के नौशाद सिद्दीकी ने जीती थी। भाजपा का खाता भी नहीं खुला था। यहां लगभग 35 प्रतिशथ मुस्लिम आबादी है, जो तृणमूल का एकमुश्त वोट बैंक है। इसके अलावा, सुंदरवन के इलाकों में एससी/एसटी आबादी भी निर्णायक है।

**❑ उत्तर 24 परगना में 9.54 प्रतिशत नाम कटे**

मतुआ और अल्पसंख्यक फैक्टर, यहां 7,92,133 (9.54 प्रतिशत) नामक कटें हैं। यह बंगाल का सबसे बड़ा जिला है और यहां 33 विधानसभा सीटें हैं। 2021 में, तृणमूल ने यहां जबरदस्त प्रदर्शन किया था, लेकिन भाजपा ने बैरकपुर और बनगांव बेल्ट में अपनी पकड़ बनाए रखी थी। इस जिले में मतुआ समुदाय (दलित शरणार्थी) की बड़ी आबादी है, जो बनगांव और आसपास की सीटों पर हार-जीत तय करते हैं। भाजपा का सीएए का दांव इसी वोट बैंक के लिए है।

**❑ मुर्शिदाबाद में 4.84 प्रतिशत नाम कटे**

इस जिले में 2,78,837 (4.84 प्रतिशत) नामक कटे हैं। मुर्शिदाबाद में 75 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी है। कभी यह कांग्रेस और अधीर रंजन चौधरी का अभेद्य किला था, लेकिन 2021 में तृणमूल ने इसे ध्वस्त कर दिया। जिले की 22 में से 20 सीटें टीएमसी ने जीती थीं, जबकि भाजपा को 2 मिली थीं। कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। यहां 4.84% की कटौती भले ही प्रतिशत में कम लगे, लेकिन संख्या (ढाई लाख से ऊपर) बड़ी है। यहां नाम कटना बेहद संवेदनशील है क्योंकि यहां घुसपैठ और नागरिकता का मुद्दा हमेशा गर्म रहता है। तृणमूल के लिए यह जिला अब बहुत महत्वपूर्ण है, और यहां नाम कटने का मतलब है उनके ठोस वोट बैंक में सेंधमारी।

**❑ पश्चिम बर्दवान में 13.1 प्रतिशत नाम कटे**

पश्चिम बर्दवान, हिंदी भाषी और औद्योगिक क्षेत्र में 3,06,146 (13.1 प्रतिशत) नाम कटे हैं। यह जिला आसनसोल-दुर्गापुर औद्योगिक बेल्ट है। यहां हिंदी भाषियों और बाहरी राज्यों से आए श्रमिकों की बड़ी संख्या है। 2021 में यहां मुकाबला कांटे का था, लेकिन टीएमसी ने बढ़त बनाई थी। 13 प्रतिशत नाम कटना (कोलकाता के बाद सबसे ज्यादा) यह दर्शाता है कि यहां बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर थे जो शायद काम बंद होने या अन्य कारणों से चले गए, या वे 'घोस्ट वोटर्स' थे। यह भाजपा के लिए चिंताजनक हो सकता है क्योंकि हिंदी भाषी वोटर पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थक माना जाता है। विधानसभा स्तर पर भाजपा यहां फाइट में रहती है? पुरुलिया में 7.57 प्रतिशत नाम कटना महत्वपूर्ण है। यहां कुड़मी और आदिवासी (संथाल) आबादी बहुतायत में है।

*** उत्तर बंगाल की स्थिति**

उत्तर बंगाल (दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार) जिसे भाजपा का 'पावर हाउस' कहा जाता है। दार्जिलिंग में 1,22,214,(9.45 प्रतिशत) नाम कटे हैं। वहीं, जलपाईगुड़ी में 1,33,107 (6.95 प्रतिशत), कूचबिहार में 1,13,370, (4.55 प्रतिशत) नाम कटे हैं।

**❑ पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर की स्थिति**

पूर्व मेदिनीपुर, अधिकारी परिवार का गढ़ बनाम तृणमूल कांग्रेस। यहां 1,41,936, (3.31 प्रतिशत)नाम कटे हैं। यह जिला सुवेंदु अधिकारी का गृह जिला है। यहां कुल 16 सीटें हैं। 2021 में यहां टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर थी। नंदीग्राम बनाम भवानीपुर। रिपोर्ट में सबसे दिलचस्प तुलना यहीं है। नंदीग्राम में 2,78,212 वोटर थे, जिनमें से 10,599 नाम हटे हैं। जबकि, पश्चिम मेदिनीपुर: 2,03,341 (5.06 प्रतिशत) नाम कटे हैं।

**❑ हुगली और हावड़ा की स्थिति**

हुगली और हावड़ा जो कांटे की टक्कर वाले जिले, हुगली में 3,18,874 (6.68 प्रतिशत), हावड़ा में 44,734 (10.8 प्रतिशत) वोट कटे हैं। हुगली में 2021 में टीएमसी ने बड़ी जीत दर्ज की थी, लेकिन भाजपा ने सिंगुर जैसी प्रतीकात्मक सीट पर भी कड़ी टक्कर दी थी (हालांकि हार गई)। लाकेट चटर्जी यहीं से सांसद थीं (पिछले चुनाव में हार गईं)। टीएमसी की रचना बनर्जी अब यहां से सांसद हैं। यहां तीन लाख से ज्यादा नाम कटना ग्रामीण और अर्ध-शहरी समीकरण को बदल सकता है। जंगलमहल (पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर) जिसे आदिवासी बेल्ट कहते हैं। पुरुलिया में 1,83,416 (7.57 प्रतिशत), बांकुड़ा में 1,32,821 (4.38 प्रतिशत) नाम कटे है।

# एसआईआर : ममता के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में 44,770 वोटर के नाम हटे

**❑ जिस बूथ पर ममता और अभिषेक वोट डालते हैं वहां 127 वोटर के नाम कटे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मंगलवार को प्रकाशित एसआईआर की मसौदा मतदाता सूची से पता चलता है कि दक्षिण कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र, भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से अक्टूबर 2025 की पिछली सूची के कुल 44,770 मतदाताओं को बाहर कर दिया गया है। जिस बूथ संख्या 260 पर ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी दोनों वोट डालते हैं, वहां से बाहर किए गए मतदाताओं की संख्या 127 है। इन 127 मतदाताओं में से 13 मृत मतदाता हैं, और बाकी या तो स्थानांतरित हो चुके हैं या लापता, डुप्लीकेट, या अन्य कारणों से बाहर किए जाने के लिए उपयुक्त पाए गए हैं। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2025 में 2,06,295 मतदाता सूचीबद्ध थे। इनमें से 44,787 नाम हटा दिये गये।

**❑ नंदीग्राम में 10,599 मतदाताओं के नाम काटे गये**

भवानीपुर, जहां से ममता बनर्जी चुनी गयीं हैं, में 44,787 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिये गये हैं। वहीं, नंदीग्राम विधानसभा सीट, जहां से ममता बनर्जी ने वर्ष 2021 का चुनाव लड़ा था, में 10,599 वोटर्स के नाम मतदाता सूची से काट दिये गये हैं। नंदीग्राम में 2,78,212 मतदाताओं में से 10,599 के नाम काट दिये गये।

**❑ चौरंगी विधानसभा क्षेत्र में कटे सबसे ज्यादा वोटर के नाम**

राज्य के 294 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक 74,553 मतदाताओं के नाम उत्तर कोलकाता के चौरंगी में काटे गये हैं। इस विधानसभा का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस की नेता नयना बंद्योपाध्याय करतीं हैं।

**❑ फिरहाद हकीम के क्षेत्र में 63,730 मतदाता के नाम कटे**

राज्य के वरिष्ठ मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के निर्वाचन क्षेत्र कोलकाता पोर्ट से 63,730 नाम हटाये गये हैं। मंत्री अरूप विश्वास के चुनाव क्षेत्र टॉलीगंज में 35,309 नाम हटाये गये हैं।

जिन अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं, उनमें शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु का निर्वाचन क्षेत्र दमदम (33,862 नाम), वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के चुनाव क्षेत्र उत्तर दमदम (33,912 नाम) और मंत्री इंद्रनील सेन के निर्वाचन क्षेत्र चंदननगर (25,478 नाम) शामिल हैं।

## एक महीने तक छुट्टी नहीं, बीएलओ को शनिवार और रविवार को भी बूथ पर बैठना होगा

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में मतदाता सूची का मसौदा सूची मंगलवार की दोपहर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही, एक महीने तक आपत्ति और शिकायत का दौर शुरू हो गया है। अगर किसी का नाम छूट गया है, स्पेलिंग या जानकारी में कोई गलती है, तो इस दौरान सारी शिकायत की जा सकती हैं। और उन शिकायतों को लेने के लिए जिम्मेदार बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने अगले एक महीने तक सिर्फ सोमवार और शुक्रवार ही नहीं, बल्कि शनिवार और रविवार को भी अपने-अपने बूथ पर रहना जरूरी कर दिया है। यानी, उन्हें एक महीने तक अपनी छुट्टियां भूलकर बूथ पर ड्यूटी करनी होगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई साफ़ गाइडलाइन नहीं है कि बीएलओ बूथ पर किस समय से किस समय तक रहेंगे। लेकिन, वोटर बीएलओ से यह जानकारी ले सकेंगे कि सुनवाई के लिए किसे बुलाया जा सकता है।


**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/110/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई– खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्रं. | टेण्डर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38251714B | New Doorway स्टिफनिंग क्रॉसबार | 8264 नंबर | 02.01.2026 |
| 2 | 40252751B | 4.5 KW अंडर slung कॉस्टेंट वोल्टेज रेगुलेटेड | 228 नंबर | 05.01.2026 |
| 3 | 8125WCR TP-02 | Manufacture एंड सप्लाई ऑफ CMS क्रासिंग 1 in 12, 60 Kg | 463 सेट | 08.01.2026 |
| 4 | 50245196A | सप्लाई ऑफ 24 फाइबर Armoured ऑप्टिकल फाइबर केबल | 359.37 किलोमीटर | 05.02.2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# एसआईआर में सुनवाई के दौरान होंगी कड़ी चुनौतियां : विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता ने कहा कि राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में सुनवाई के दौरान कड़ी चुनौतियां होंगी। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान आने वाली मुश्किलें हाल में समाप्त गणना के चरण की तुलना में कहीं अधिक होंगी। गुप्ता ने कहा कि राज्य में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और सहायक ईआरओ (एईआरओ) की कमी के मद्देनजर सुनवाई के दौरान चुनौतियां काफी कठिन होने की संभावना है। यह प्रक्रिया अगले 45 दिनों में संपन्न की जानी है। उन्होंने कहा कि हमने जितने भी गणना प्रपत्र एकत्र किए हैं, उनमें से 1.34 करोड़ से अधिक प्रपत्रों में तार्किक विसंगतियां हैं। ये




विसंगतियां कुछ मतदाताओं के पिता और माता दोनों के नाम एक जैसे होने से लेकर मतदाताओं और उनके माता-पिता या दादा-दादी की उम्र में असामान्य अंतर तक फैली हुई हैं। ये त्रुटियां वास्तविक हो सकती हैं। ये दुर्भावनापूर्ण भी हो सकती हैं। गुप्ता ने कहा कि सुनवाई के दायरे में आने वाले मतदाताओं की सटीक संख्या का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। हालांकि निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगर यह आंकड़ा दो करोड़ तक पहुंच जाता है तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में राज्य में कुल 3,300 ईआरओ और एईआरओ हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए अगले 45 दिन तक प्रत्येक अधिकारी को प्रतिदिन लगभग 140 आवेदकों की सुनवाई करनी होगी। गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग से अतिरिक्त 2,500-3,000 ईआरओ/एईआरओ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। गुप्ता ने कहा कि मने निर्वाचन आयोग से सुनवाई के मामलों में ठोस मार्गदर्शन मांगा है क्योंकि इस प्रक्रिया में व्यक्तियों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अनुमति देना या रोकना शामिल है। इसलिए, यह फैसला एकतरफा या व्यक्तिपरक नहीं हो सकता है।

## बीएलओ मंच ने सीईओ कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, असली मतदाताओं को सूची से हटाने का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के एक मंच के लगभग 200 सदस्यों ने एसआईआर के तहत मसौदा मतदाता सूची से हजारों वास्तविक मतदाताओं के नाम कथित रूप से हटाए जाने के विरोध में मंगलवार को यहां मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। 'बीएलओ ओइक्यो मंच' (बीएलओ एकता मंच) के सदस्यों ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारे लगाए और आरोप लगाया कि आयोग की 'केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के साथ मिलीभगत' है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मंच की सदस्य शिखा दत्ता ने विरोध स्थल पर दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बार-बार विरोध के बावजूद, निर्वाचन आयोग ने हजारों वास्तविक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के लिए कठोर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर अमल किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. एवं अपलोड करने की तिथि: ई–डीवाई–डब्ल्यूडब्ल्यू–वेल्डिंग–25, दिनांक 13.12.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन)/खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व, खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.00 बजे खोली जाएगी। **कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर शॉप, खड़गपुर में पीओएच के लिए वेल्डिंग गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 1,24,87,349.88 जीएसटी @18% सहित। **बयाना राशि:** रु. 2,12,400/–, **ई–निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 05.01.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का वर्णन एवं विवरण: www.ireps.gov.in** इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-961)**



**वॉक–इन–इंटरव्यू**

**ऑर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा में सीनियर रेसिडेंट की नियुक्ति**

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय, डीआरएच (ऑर्थोपेडिक अस्पताल), पूर्व रेलवे, 222 बिप्लबी हरेन घोष सरणी, हावड़ा–711101 में दिनांक 13.01.2026 को 12.00 बजे** आयोजित **वॉक–इन–इंटरव्यू** के माध्यम से ऑर्थोपेडिक विभाग में **सीनियर रेसिडेंट** के एक (01) पद को भरा जाएगा। एमएस (ऑर्थो.) / डीएनबी (ऑर्थो.) / डिप्लोमा (ऑर्थो.) की योग्यता रखने वाले इच्छुक आवेदक अपनी बायो-डेटा के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय एमबीबीएस की मार्कशीट, पंजीकरण प्रमाणपत्र, ऑर्थोपेडिक प्रमाणपत्र में एमएस/डीएनबी/डिप्लोमा, माध्यमिक प्रमाणपत्र के एडमिट कार्ड, आधार कार्ड की फोटोकॉपी और हाल के पासपोर्ट आकार के दो फोटो, सभी स्वयं द्वारा विधिवत सत्यापित, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीआरएच (ऑर्थोपेडिक अस्पताल), पूर्व रेलवे, हावड़ा के पास जमा कर सकते हैं। सभी मूल प्रमाणपत्र केवल साक्षात्कार पर देखे जाएंगे। विस्तृत नियम और शर्तें पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर दिनांक 13.01.2026 तक उपलब्ध है। ● **पारिश्रमिक:** वेतन @ 7 पे मैट्रिक्स लेवल–11 और स्वीकार्य अनुसार अन्य भत्ते। हाल ही में उत्तीर्ण होने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। ● **आयु सीमा:** नियुक्ति के लिए ऊपरी आयु सीमा दिनांक 13.01.2026 के अनुसार 45 वर्ष है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए आयु में पाँच (5) वर्ष की छूट। किसी भी चरण में किसी भी तथ्य को छिपाने पर उम्मीदवारी तत्काल समाप्त हो जाएगी। साक्षात्कार और जॉइनिंग उद्देश्य के लिए कोई टीए, डीए स्वीकार्य नहीं होगा।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# मसौदा मतदाता सूची के आंकड़ों ने भाजपा के 'एक करोड़ रोहिंग्या' के दावे को गलत साबित किया : तृणमूल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मंगलवार को प्रकाशित राज्य की मसौदा मतदाता सूची ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के इस दावे को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है कि राज्य में 'एक करोड़ रोहिंग्या और बांग्लादेशी' रहते हैं, क्योंकि 'फर्जी' मतदाताओं के तौर पर चिह्नित लोगों की संख्या 1,83,328 बताई गई है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने इससे पहले आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासी मौजूद हैं और उन्होंने अतीत में चुनावी परिणामों को प्रभावित किया है। उन्होंने चुनाव आयोग से ऐसे मतदाताओं के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया था। मतदाता सूची के प्रारूप में एक करोड़ अवैध मतदाताओं के दावे का कोई संख्यात्मक आधार नहीं दिखा है। अधिकारियों ने बताया कि 1.83 लाख 'फर्जी' मतदाताओं का आंकड़ा क्षेत्रीय सत्यापन के बाद एसआईआर प्रक्रिया के दौरान चिह्नित किए गए मामलों को दर्शाता है। तृणमूल ने इन्हीं आंकड़ों के आधार पर तीखा पलटवार किया और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। तृणमूल के प्रवक्ता कृषानु मित्रा ने कहा कि मसौदा मतदाता सूचियों में लगभग 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। बीएसएफ के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 4,000 लोग हकीमपुर सीमा के रास्ते बांग्लादेश वापस चले गए हैं। हमें जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार लगभग 80 प्रतिशत मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में नाम हटाने की औसत दर 0.6 प्रतिशत है, जबकि मतुआ बहुल क्षेत्रों में यह दर लगभग नौ प्रतिशत है। उन्होंने प्रश्न किया कि राज्य में नाम हटाने की दर लगभग चार प्रतिशत है। यदि मौत के मामलों को हटा दिया जाए, तो शेष हटाए गए मतदाता कौन हैं? वे किन सीमाओं से राज्य छोड़कर गए? पार्टी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कोई रोहिंग्या मतदाता नहीं हैं और उसने आरोप लगाया है कि चुनावों से पहले बड़े पैमाने पर घुसपैठ की कहानी राजनीतिक रूप से गढ़ी जा रही है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_डब्ल्यूसी_डीपीटी_एनएच_25, दिनांक: 11.12.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता- 700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'एकल लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** 01 वर्ष के लिए सी एंड डब्ल्यू, एनएच डिपो में विभिन्न वैगनों की मरम्मत के दौरान डीपीटी टेस्टिंग कार्य की आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 48,87,862.80। **बयाना राशि:** ₹ 97,800। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **ठेके की अवधि:** 12 महीना। **बोली शुरू होने की तारीख:** 20.12.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.01.2026 को सुबह 11.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 03.01.2026 को सुबह 11.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।


(SDAH-302/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**भावपूर्ण श्रद्धांजलि**



श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के पूर्व प्रधान सचिव एवं मार्गदर्शक

**श्री राजकुमार बोथरा जी**

के निधन से हम सभी मर्माहत हैं। दिवंगत के प्रति हमारी हार्दिक श्रद्धांजलि एवं भावसुमन सादर समर्पित करते हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**श्रद्धा-सुमन :**

**समिति के समस्त सदस्यगण एवं कर्मचारीवृंद**

**• सोसाईटी बेनिफिट सर्किल • स्वतंत्र भारत बाल्चर मंडल नव जागृति संघ • श्री नारायणी नमो नमो • पटेल समाज, हरिपाल • श्री राणीसती प्रचार समिति • श्री श्याम प्रेम मंडल (रिसड़ा) • सहयोग समिति, मोमिनपुर**

**श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति**

समिति भवन 42, बड़तल्ला स्ट्रीट, कोलकाता - 700 007


# मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता : डीजी और बिधाननगर के सीपी को शोकॉज नोटिस, डीसीपी निलंबित

**❑ मुख्यमंत्री द्वारा गठित जांच समिति के सौंपे गए रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई**

**❑ घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय एसआईटी गठित**



**कोलकाता, समाज्ञा :** युवभारती क्रीड़ांगन में हुई गंभीर अव्यवस्था के मामले में राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर एक के बाद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार और बिधाननगर के पुलिस कमिश्नर मुकेश कुमार को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है, जबकि बिधान-नगर कमिश्नरेट के डीसीपी अनीश सरकार को विभागीय जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कार्यक्रम के दिन व्यवस्था में भारी चूक और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी की बात कही है। इसी आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाए गए हैं। राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार से 24 घंटे के भीतर कारण बताने को कहा गया है। इसी तरह बिधान-नगर के पुलिस कमिश्नर मुकेश कुमार को भी शो कॉज नोटिस भेजा गया है। घटना के दिन सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे डीसीपी अनीश सरकार के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है और उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही युवा और क्रीड़ा विभाग के प्रधान सचिव राजेश कुमार सिन्हा से भी पूरे घटनाक्रम पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। युवभारती स्टेडियम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवकुमार नंदन से सभी जिम्मेदारियां तत्काल प्रभाव से हटा ली गई हैं। राज्य सरकार ने मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन भी किया है। इस विशेष जांच दल में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीयूष पांडे, जावेद शमीम, सुप्रतिम सरकार और मुरलीधर शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की जाएगी, ताकि यह तय किया जा सके कि चूक कहां हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/720,दिनांक:15.12.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3530। कार्य का नाम:** 36 महीनों के लिए रामपुरहाट स्टेशन पीएफ संख्या 1 एवं 2 और 3 पर कलपुर्जों सहित 02 अदद पैसेंजर एस्केलेटर (निर्माता : जॉनसन लिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** ₹ 18,28,056। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 36,600। **पूरा करने की अवधि:** 36 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-462/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/25-71, दिनांक 15.12.2025।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **[क] क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि और निविदा खुलने की तारीख एवं समय** निम्नानुसार हैं : **1; 11251037;** बफर प्लंजर के लिए फेस प्लेट की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,83,750 और 09.02.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 08251069ए;** इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर-कम-रेगुलेटिंग यूनिट की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 2,60,680 और 30.12.2025 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 20251001ए;** 3 फेज एसी ट्रैक्शन मोटर के लिए केबल और दोनों सिरों पर फिट किये गए कनेक्टर सहित टेम्परेचर सेंसर असेंबली; ₹ 0; ₹ 4,55,100 और 20.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 05251194;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या एम एंड सी/एनडीटी/105/2001 के अनुसार विजिबल डाई पेनिट्रेंट किट की प्राप्ति, (विजिबिलिटी: टाइप II) जिसमें तीन मद शामिल हैं: (क) रेड विजिबल डाई पेनिट्रेंट, विजिबिलिटी: टाइप II और वॉशेबिलिटी मेथड-सी (सॉल्वेंट रिमूवेबल)-01 कैन, (ख) नॉन-हैलोजेनेटेड (क्लास-2) सॉल्वेंट रिमूवर और क्लीनर-02 कैन, (ग) नॉन-एक्वियस वेट डेवलपर्स (प्रपत्र डी)-03 कैन। प्रत्येक 525 मिली. की क्षमता के एयरोसोल कैन में आपूर्ति किया जाना है जिसमें प्रत्येक में 400 मिली. सामग्री हो। शेल्फ लाइफ: सामान्य पर्यावरणीय परिस्थितियों में 12 से 18 महीने; ₹ 0; ₹ 1,67,260 और 07.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **5; 21251457;** मॉडिफाइड इलास्टोमेरिक पैड डिज़ाइन-बी आदि; ₹ 0; ₹ 14,06,590 और 02.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **6; 16251159ए;** पोर्सिलेन ब्रैकेट इंसुलेटर (आरआई नंबर 6030-1) (1050 मिमी. सीडी); ₹ 0; ₹1,28,720 और 19.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 20255034;** डीईटीसी/यूएस (इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन के साथ) कोचों के लिए एयर ब्रेक इक्विपमेंट की आपूर्ति; ₹ 0; ₹ 4,25,530 और 20.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **8; 11251106ए;** ओवर हेड एल्युमिनियम वॉटर टैंक असेंबली की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,08,240 और 06.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **9; 20255037;** हाइड्रॉलिक रूप से संचालित लिफ्टिंग और स्विवलिंग प्लेटफॉर्म; ₹ 0; ₹ 4,03,560 और 12.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **10; 11252617सी;** स्फेरोइलास्टिक रबर बेयरिंग; ₹ 0; ₹ 2,51,220 और 01.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **11; 12255873;** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-6782 के अनुसार कॉम्बिनेशन एसईजे 60किग्रा./52किग्रा.; ₹ 0; ₹ 19,55,310 और 02.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **12; 21251210ए;** डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व कम्प्लीट आदि; ₹ 0; ₹ 6,66,280 और 05.01.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **13; 22255511ए;** इंजेक्शन रिकॉम्बिनेंट सोमाट्रोपिन 36 आईयू (12 एमजी/मिली.) आइटम कोड संख्या: एम140302, एआई 25-26; ₹ 0; ₹ 0 और 22.12.2025 को दोपहर 1.30 बजे।

**[ख] क्रम संख्या; निविदा संख्या; संक्षिप्त विवरण; निविदा बंद होने की तारीख** और **अनुमानित निविदा मूल्य** इस प्रकार हैं: **1; 52257596ए;** आरसीएफ ड्राइंग संख्या: एलडब्ल्यू03245, ऑल्ट.सी टीएस 17.358 100, टीएस 17.358 105 के लिए ब्रेक सपोर्ट; 12.01.2026 और ₹ 1,64,72,894.40। **2; 52257635;** संलग्न ड्राइंग और अनुलग्नक-ए के अनुसार 38 मदों वाले कॉयल स्प्रिंग सस्पेंशन फ़िएट बोगी फ्रेम के लिए किट सामग्री का सेट; 12.01.2026 और ₹ 2,51,29,280। **3; 52257614ए;** संलग्न ड्राइंग और अनुलग्नक-ए के अनुसार 10 मदों वाली किट सामग्रियों का सेट; 12.01.2026 और ₹ 67,94,074.20। **4; 52256635;** अनुलग्नक-ए के अनुसार एयर स्प्रिंग सस्पेंशन एलएचबी बोगी फ्रेम के लिए 41 मदों वाली किट सामग्री का सेट; 14.01.2026 और ₹ 3,30,91,726.48। **5; 52257610;** कंट्रोल आर्म सपोर्ट का सेट (1) आरसीएफ ड्राइंग संख्या एलडब्ल्यू03246, ऑल्ट बी के अनुसार कंट्रोल आर्म सपोर्ट राइट-08 अदद। (2) आरसीएफ ड्राइंग संख्या एलडब्ल्यू03247, ऑल्ट बी के अनुसार कंट्रोल आर्म सपोर्ट लेफ्ट-08 अदद; 14.01.2026 और ₹ 1,26,67,890। **6; 52257594ए;** ड्राइंग नंबर 1267452, संस्करण - 00 के अनुसार स्प्रिंग पॉट और स्पेसिफिकेशन नंबर डीआईएन 2448: डीआईएन 1630 एसटी52.4 और एमडीटीएस-149 रिव-0 के अनुसार सीमलेस ट्यूब से मशीन्ड; 16.01.2026 और ₹ 98,67,820.80। **7; 52256637ए;** ड्राइंग संख्या (1) एलडब्ल्यू03304,ऑल्ट. शून्य-04 अदद, (2) एलडब्ल्यू03303; ऑल्ट.ए-08 अदद के अनुसार एलएचबी बोगी के लिए ट्यूब (फिनिश्ड) का सेट; 16.01.2026 और ₹ 2,09,24,581.50। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

(STORES-55/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# रामकृष्ण व शारदा मां का जन्म स्थान हमारे लिए पवित्र तीर्थ स्थल : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'जयरामबटी कामारपुकुर डेवलपमेंट बोर्ड' की वर्चुअल बैठक में भाग लिया और अपनी बात कही। ममता ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी मंगलवार की शाम 7 बजे के बाद खुद दी। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि आज मैं 'जयरामबटी कामारपुकुर डेवलपमेंट बोर्ड' की वर्चुअल मीटिंग में मौजूद थी। कामारपुकुर श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव और जयरामबटी शारदा मां का जन्मस्थान है। कामारपुकुर और जयरामबटी हमारे लिए पवित्र तीर्थ स्थल हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, जब से बंगाल में मां-माटी-जनता की सरकार आई है, हमने कामारपुकुर और जयरामबटी के विकास के लिए कई विकास कार्य पूरे किए हैं। पिछले साल सितंबर में, हमने इन दोनों जगहों के पूरे विकास की योजना बनाने और उसे लागू करने के लिए 'जयरामबटी कामारपुकुर डेवलपमेंट बोर्ड' बनाया था। इस बोर्ड को पहले ही 10 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है। मुझे उम्मीद है कि यह बोर्ड आने वाले दिनों में जयरामबटी और कामारपुकुर के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में बहुत अहम भूमिका निभाएगा। हम कामारपुकुर के विकास के लिए पहले ही 80 करोड़ रुपए से ज़्यादा खर्च कर चुके हैं। लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण, 5.87 करोड़ रुपये की लागत से कामारपुकुर में पर्यटन बुनियादी ढांचे का निर्माण, 5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कामारपुकुर ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन, लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत से कामारपुकुर बस स्टैंड, कामारपुकुर ग्रामीण अस्पताल में ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, कामारपुकुर में इकोटूरिज्म पार्क, कामारपुकुर मिशन में छात्रावास भवन और कई अन्य विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। जयरामबटी में मातृ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। कामारपुकुर रामकृष्ण मठ और मिशन के अनुरोध पर, हाल ही में वहां एक 5 मंजिला गेस्ट हाउस बनाया गया है, साथ ही प्रसाद वितरण केंद्र भी बनाया गया है। लगभग 1500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में खुले पार्किंग क्षेत्र की आधारशिला रखी गई है। कमरपुकुर मठ के पवित्र परिसर में पीने का पानी सप्लाई करने के मकसद से 'वेस्ट बंगाल पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग' डिपार्टमेंट की पहल पर एक बड़े डायमीटर का ट्यूबवेल और डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है। हाल ही में, इस वाटर सप्लाई सिस्टम को और मज़बूत और बेहतर बनाने के लिए, मठ परिसर में एक नया 150 एमएम डायमीटर का गहरा ट्यूबवेल और एक पंप हाउस का कंस्ट्रक्शन पूरा किया गया है। मां-माटी-जनता की हमारी सरकार आने वाले दिनों में बंगाल की इस पवित्र धरती के विकास के लिए हमेशा तैयार है।

# बांग्लादेशी होने के आरोपों के बावजूद मालदह की पूर्व पंचायत प्रमुख का नाम मतदाता सूची में बरकरार

**मालदह :** बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और नाम बदलने के आरोपों के बावजूद मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर में रसीदाबाद की पूर्व पंचायत प्रमुख लवली खातून का नाम मसौदा मतदाता सूची से नहीं हटा। बता दें कि लवली का असली नाम नासिया शेख है। आरोप है कि बिना पासपोर्ट के ही अवैध रूप से वह भारत में दाखिल हुईं। फिर, अपनी पुरानी पहचान मिटा दी। पिता का नाम भी बदल लिया। 2015 में, भारत में उनका वोटर कार्ड जारी हुआ। 2018 में, जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, दस्तावेजों में नासिया के पिता का नाम शेख मुस्तफा है। लेकिन, आरोप है कि लवली के पिता का नाम शेख मुस्तफा नहीं है। असली नाम जमील बिश्वास है। कलकत्ता हाई कोर्ट में मामला भी हुआ। बाद में, लवली खातून को पंचायत प्रमुख के पद से हटा दिया गया। एसआईआर शुरू होने के बाद लवली खातून एन्यूमरेशन फॉर्म भरेंगी या नहीं, इसको लेकर अटकलें लग रही थीं। आरोप लगा कि बीएलओ पर दबाव



डालकर एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करवाया गया। और मंगलवार को मसौदा सूची जारी होने के बाद देखा गया कि लवली खातून का नाम हटाया नहीं गया है। मालदह जिले में दो लाख से अधिक नाम रद्द हुए हैं। इंग्लिशबाजार में भी करीब 24 हजार नाम हटे हैं। इंग्लिशबाजार और पुरातन मालदह नगरपालिका क्षेत्र में भी कई नाम हटे हैं। यहां तक कि अचानक ही कुछ इलाकों में कई परिवार गायब हो गए। मसौदा मतदाता सूची जारी होने के बाद दावा किया जा रहा है कि असली मतदाताओं के नाम भी किसी न किसी गलती से हट गए हैं। और यहीं से सवाल उठ रहा है कि बांग्लादेशी होने के तमाम सबूतों के बावजूद लवली खातून का नाम रद्द क्यों नहीं हुआ?

उस बूथ के बीएलओ मुजिबुर रहमान ने कहा कि उनका (लवली खातून) फॉर्म जमा किया गया था। मेरे बूथ में 34 लोगों के नाम हटे हैं। लवली खातून का नाम नहीं हटा। मैंने सिर्फ फॉर्म लिया था। उन्होंने फॉर्म भरकर जमा किया था। मुझे दस्तावेज सत्यापन का निर्देश नहीं दिया गया था। उन्होंने फॉर्म भरकर जो दिया है, वही लिया है। सबका इसी तरह फॉर्म जमा लिया है। बीएलओ का कहना है कि अब क्या होगा, यह सरकार जानती है। आयोग का कहना है कि मसौदा मतदाता सूची में नाम न होने पर भी दस्तावेज दिखाकर नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। वैसे ही मसौदा मतदाता सूची में नाम होने का मतलब यह नहीं कि अंतिम सूची में नाम रहेगा ही। फॉर्म में विसंगति पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को सुनवाई के लिए बुलाया जा सकता है। उस स्थिति में सुनवाई में सभी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। और दस्तावेज सही नहीं होने पर अंतिम मतदाता सूची में नाम नहीं रहेगा। लवली खातून के मामले में क्या होता है, यह अब देखना है।

## नदिया में डिलीवरी बॉय की सड़क दुर्घटना में मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी-बैरकपुर एक्सप्रेस वे पर सोमवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में एक डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। मृतक का नाम सौमेन राय (49) है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सौमेन राय एक फुड डिलीवरी कंपनी के लिए काम करता था। काफी समय से वह इस काम से जुड़ा हुआ था। उनका घर उत्तर 24 परगना के कांचरापाड़ा टिकटिकी बाजार इलाके में है। बताया गया है कि इस दिन, दोपहर में कल्याणी-बैरकपुर एक्सप्रेसवे पर सौमेन तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। किसी ग्राहक के पास खाना पहुंचाने की उन्हें जल्दी थी। उस समय वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठे और एक अन्य बाइक को टक्कर मार दी। इसी समय एक्सप्रेसवे पर ही पीछे की दिशा से एक चार पहिया वाहन तेजी से आ रहा था। उस चार पहिया वाहन ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना देखकर स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। सौमेन को फौरन कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर घटनास्थल पर कल्याणी थाने की पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने पाम ऑयल और न्यूट्रीशन से जुड़े मिथकों को किया दूर

**कोलकाता, समाज्ञा :** खाना पकाने के लिए सही तेल चुनने को लेकर बढ़ती उलझन के बीच एक नई पॉडकास्ट सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को विज्ञान-आधारित निर्णय लेने में मदद कर रही है। इसमें न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी कुकिंग ऑयल चयन, लेबल पढ़ने और सुरक्षित कुकिंग प्रैक्टिस पर आम सवालों को स्पष्ट करती हैं। वे बताती हैं कि पाम ऑयल प्लांट-बेस्ड है, प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त रहता है और उच्च तापमान पर स्थिर रहता है। रेड पाम ऑयल का बीटा-कैरोटीन तथा पाम ओलिन में मौजूद विटामिन ई टोकोट्राइनॉल्स इसके पोषण मूल्य को बढ़ाते हैं। साक्षी नो पाम ऑयल लेबल को मार्केटिंग-चालित बताते हुए उपभोक्ताओं को सामग्री सूची जांचने की सलाह देती हैं। उनका कहना है कि पाम ऑयल सीमित मात्रा में संतुलित आहार का हिस्सा बन सकता है, जैसा कि आईसीएमआर-एनआईएन की 2024 गाइडलाइंस भी सुझाती हैं, जिसमें प्रतिदिन 25-30 ग्राम विज़िबल फैट की सीमा और विभिन्न तेलों का रोटेशन शामिल है। एपिसोड में भारत सरकार के एनएमईओ-ओपी मिशन का भी उल्लेख है, जिसके तहत राज्यों में तेल पाम उत्पादन बढ़ाया जा रहा है ताकि घरेलू आपूर्ति मजबूत हो और आयात निर्भरता कम हो।

## सर्दियों की जरूरी तैयारी : अमेजन के एवरीडे कलेक्शन में मिलें विंटर वेलनेस की खास पसंद

**कोलकाता,समाज्ञा :** देशभर में बढ़ती ठंड के बीच अमेजन ने ग्राहकों के लिए विंटर वेलनेस और रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष एवरीडे एसेंशियल्स कलेक्शन लॉन्च किया है। कंपनी ने हेल्थ एंड पर्सनल केयर, गॉरमेट ग्रोसरी, बेबी केयर और पेटकेयर श्रेणियों में चुने हुए उत्पादों पर 40% तक की छूट की घोषणा की है। अमेजन का यह क्यूरेटेड कलेक्शन सर्दियों में इम्युनिटी बढ़ाने वाले उत्पादों, पौष्टिक ड्राई फ्रूट्स, हर्बल टी, बच्चों के लिए स्किन व बॉडी केयर, तथा पालतू जानवरों के लिए गर्म कपड़ों और बेडिंग जैसी आवश्यकताओं को एक ही जगह उपलब्ध कराता है। कंपनी ने इम्युनिटी बूस्टर, किड्स विंटर हेल्थ और बेबी गिफ्टिंग जैसे नए स्टोरफ्रंट भी पेश किए हैं। तेज और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ प्राइम सदस्यों को कई उत्पादों पर सेम-डे डिलीवरी का लाभ मिलेगा, जबकि अमेजन पे के जरिए अतिरिक्त बचत भी संभव है। कंपनी का दावा है कि यह कलेक्शन सर्दियों में घर-परिवार की आवश्यक तैयारियों को और अधिक सुविधाजनक बनाता है।

## पश्चिम बंगाल ने भारत के क्रिप्टो बाजार में संतुलित और स्थिर उपस्थिति बनाए रखी : कॉइनस्विच वार्षिक रिपोर्ट 2025

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल ने भारत के क्रिप्टो बाजार में संतुलित और स्थिर उपस्थिति बनाए रखी है। भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉइनस्विच ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट इंडियाज क्रिप्टो पोर्टफोलियो 2025 जारी की, जिसमें बताया गया कि राज्य देश के शीर्ष 10 क्रिप्टो राज्यों में शामिल है और कुल निवेशित मूल्य का 5.3% योगदान देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल के निवेशकों का पोर्टफोलियो विविध और संतुलित है। लार्ज-कैप एसेट्स में 29.9%, मिड-कैप में 22.5% और स्मॉल-कैप में 28% का अलोकेशन रहा। बिटकॉइन राज्य का सबसे प्रमुख और ट्रेड किए जाने वाला कॉइन बना। अधिकांश निवेशक युवा हैं, जिसमें 26-35 आयु वर्ग कुल निवेशकों का 45% और 18-25 आयु वर्ग 25.3% है। कॉइनस्विच के को-फाउंडर आशीष सिंघल ने कहा कि 2025 क्रिप्टो बाजार की परिपक्वता का वर्ष रहा। नॉन-मैट्रो क्षेत्रों में भी क्रिप्टो अपनाने की गति तेज है और यह अब देश की कुल क्रिप्टो गतिविधि का 75% से अधिक हिस्सा बनाते हैं। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि रिपल (एक्सआरपी) इस साल सबसे बड़े उछालों में शामिल रहा और प्लेटफॉर्म पर प्रमुख ट्रेडिंग कॉइन्स में शामिल हुआ।

# बस में चोरी के मामले का खुलासा, 268 ग्राम सोने के गहने बरामद, दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** शहर में बस यात्रा के दौरान हुई सोने के गहनों की चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। डिटेक्टिव डिपार्टमेंट के वॉच सेक्शन ने जूट के बैग से चोरी किए गए लगभग 268 ग्राम सोने के गहनों को पूरी तरह सुरक्षित अवस्था में बरामद करते हुए दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला जोरासांको थाने में दर्ज किया



गया था। शिकायतकर्ता रीना पाटोदिया (50), अपने पति के साथ 11 दिसंबर को श्यामबाजार से सी.आर. एवेन्यू स्थित राम मंदिर की ओर बस रूट संख्या 219/1 से जा रही थीं। दोपहर लगभग 2.45 बजे से 3.30 बजे के बीच अज्ञात आरोपियों ने उनके जूट के बैग से एक सोने का हार, एक जोड़ी सोने की बालियां, एक सोने की अंगूठी और 11 सोने की चूड़ियां चुरा लीं। चोरी किए गए गहनों का कुल वजन लगभग 268 ग्राम बताया गया है।

घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एकत्र की। फुटेज को विभिन्न सूत्रों को दिखाया गया, जिसके आधार पर विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए वॉच सेक्शन, डीडी ने 12 दिसंबर को दो महिला आरोपियों-राधा माली (35) और ज्योति सोलंकी (25)-को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी हुगली जिले के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के कोन्नगर की निवासी हैं।

पुलिस द्वारा कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सभी सोने के गहने-हार, बालियां, अंगूठी और 11 चूड़ियां-पूरी तरह बरामद कर जब्त कर लिए गए। पुलिस का कहना है कि बरामद गहने इस मामले के मूल सबूत हैं।

फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में रखा गया है और उन्हें 20 दिसंबर को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## बीमा पॉलिसी की राशि दिलाने के नाम पर 16 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** बीमा पॉलिसी की बकाया राशि वापस दिलाने का झांसा देकर 16 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में डिटेक्टिव डिपार्टमेंट के बैंक फ्रॉड सेक्शन ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला पार्क स्ट्रीट थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, बजबज, दक्षिण 24 परगना निवासी प्रसेनजीत नस्कर से आरोपियों ने खुद को 'भुनिया कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड' का प्रतिनिधि बताकर संपर्क किया। उन्होंने मैक्स लाइफ की लैप्स हो चुकी बीमा पॉलिसियों की राशि वापस दिलाने का भरोसा दिलाया और जाली व फर्जी दस्तावेज दिखाकर 2023 से जुलाई 2025 के बीच नकद और विभिन्न बैंक खातों के जरिए कुल 16 लाख रुपये ऐंठ लिए। जांच के दौरान पुलिस ने फर्जी दस्तावेज जब्त किए और म्यूल बैंक खातों की जानकारी जुटाई। इसके बाद 15 दिसंबर को दो आरोपियों-सुब्रत डे उर्फ राहुल श्रीवास्तव और टापू होरे उर्फ आशीम घोष-को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने अलग-अलग नाम से शिकायतकर्ता को फोन कर ठगी को अंजाम दिया और व्हाट्सऐप के जरिए फर्जी दस्तावेज भेजे। दोनों आरोपियों को कोलकाता के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पुलिस हिरासत की मांग के साथ पेश किया गया। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा ठगी की रकम बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## श्री श्याम मंदिर में भागवताचार्य श्री अनुराग कृष्ण शास्त्री 'कन्हैयाजी' का शुभागमन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रसिद्ध भागवताचार्य श्री अनुराग कृष्ण शास्त्री 'कन्हैयाजी' धर्मपत्नी विनीता शास्त्री के साथ गत दिनों श्री श्याम मंदिर पधारे। इससे पूर्व श्री शास्त्री श्रीचरण मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भी सम्मिलित हुए थे। मंदिर परिसर में आगमन पर मंदिर प्रबंध न्यासी गोविंद मुरारी अग्रवाल एवं ट्रस्टी सुनील खेतान ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री अनुराग कृष्ण शास्त्री ने अपने सारगर्भित प्रवचन में बाबा श्याम की महिमा का विस्तार से व्याख्यान किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्टी सुनील खेतान ने पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहनाकर श्री शास्त्री का अभिनंदन किया, जबकि



विनीता शास्त्री का सम्मान आरती अग्रवाल द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य सुरेश अग्रवाल, पप्पू चौधरी, सरजु साव, मनोज सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, बबीता शर्मा, बालमुकुन्द अग्रवाल, मनोहर केजरीवाल, विकाश भावसिंहका, प्रवीण केजरीवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## सैमसंग गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड की बिक्री शुरू, दुकानों पर लगी लंबी कतारें

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग का नया गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड कोरिया में बिक्री के लिए उपलब्ध हुआ और शुरू होते ही इसे उपभोक्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। बिक्री केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो इस फोन की लोकप्रियता को दर्शाती हैं। गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड एक फोल्डेबल स्मार्टफोन है, जो काम और मनोरंजन दोनों अनुभवों को नई दिशा देता है। इसे दो बार खोलने पर 10 इंच का डायनैमिक एएमओएलईडी 2एक्स डिस्प्ले मिलता है, जो जीवंत रंग और स्मूद विजुअल्स के साथ इमर्सिव अनुभव प्रदान करता है। फोन में 6.5 इंच का आउटर डिस्प्ले भी है और विजन बूस्टर फीचर रोशनी के अनुसार रंग और कॉन्ट्रास्ट को एडजस्ट करता है। सबसे खास बात है इसका गैलेक्सी एआई, जो फोटो असिस्ट, जेनेरेटिव एडिट, स्केच टू इमेज और ब्राउजिंग असिस्ट जैसे टूल्स से कंटेंट क्रिएशन और ब्राउजिंग को स्मार्ट बनाता है।

## ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ ने मेधावी छात्रों व ऑल इंडिया निबंध चित्रकला प्रतियोगिता 2025 विजेताओं को सम्मानित किया




**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ) द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं (शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2024-25) में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा 'ऑल इंडिया निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता-2025' के विजेताओं को मंगलवार को ईस्टर्न रेलवे ऑफिसर्स क्लब, कोलकाता में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउसकर एवं संगठन की सभी सदस्यों के साथ उपस्थित रहीं। उन्होंने पुरस्कारार्थियों को प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुल 79 मेधावी विद्यार्थियों तथा 58 विजेताओं को सम्मानित किया गया। समापन सत्र में सीमा देउसकर ने प्रेरक संबोधन के माध्यम से पुरस्कारार्थियों का उत्साहवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन ईआरडबल्यूडबल्यूओ की सचिव गुंजन निगम द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त, समारोह को और भी मनोहारी बनाने के लिए ईस्टर्न रेलवे के सांस्कृतिक स्टाफ द्वारा एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसने सम्मान समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।

## दमदम में रसोई गैस लीक होने से मां-बेटे झुलसे

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम के नवपल्ली इलाके में मंगलवार को रसोई गैस लीक होने से मां-बेटे झुलस गए। फिलहाल, उनका अरजी कर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों के नाम सरस्वती सरदार (47) और कुशर सरदार है। पता चला है कि सरस्वती सरदार अपने पति और दो बच्चों के साथ दमदम नगरपालिका के वार्ड 3 के नवपल्ली इलाके में एक घर में रहती है। हर दिन की तरह मंगलवार की सुबह भी वह खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर चालू करने गईं। लेकिन, वह जल नहीं रहा था। बाद में, उन्होंने अपने बड़े बेटे कुशर सरदार से नई गैस सिलेंडर लगवाया। इसके बाद, जैसे ही आग जलाई गैस लीक होने से मां-बेटे जल गए। पूरा घर काले धुएं से ढक गया। घर में सब कुछ जल गया। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। बाद में, उनकी कोशिशों से जले हुए मां-बेटे को बचाकर आरजी कर हॉस्पिटल ले जाया गया।

## बस में सफर के दौरान आभूषण चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

❑ सोने के गहने बरामद

**कोलकाता :** बस में यात्रा के दौरान सोने के आभूषण चोरी के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए गहने बरामद कर लिए हैं। यह मामला नॉर्थ पोर्ट थाना क्षेत्र से जुड़ा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 7 नवंबर 2025 को दोपहर लगभग 2:10 बजे बुर्राबाजार से हावड़ा जा रही एक बस में यात्रा के दौरान शिकायतकर्ता के बैग से अज्ञात व्यक्ति ने सोने के आभूषण चोरी कर लिए थे। यह घटना हावड़ा ब्रिज अप्रोच के पास हुई थी। चोरी गए आभूषणों का वजन लगभग 20.370 ग्राम बताया गया। मामले की जांच के दौरान वॉच सेक्शन, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट को विश्वसनीय सूत्रों से अहम जानकारी मिली। इसके आधार पर तंगरा थाना क्षेत्र के डी.सी. डे रोड निवासी मोहम्मद आसिफ को



12 दिसंबर को अदालत के आदेश पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर एक जोड़ी सोने की बालियां और एक सोने का पेंडेंट बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि बरामद आभूषण इस मामले से संबंधित हैं। आरोपी को 19 दिसंबर 2025 को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

## मल्लारपुर में जंगल में आदिवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, छह गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले के मल्लारपुर थाना इलाके में आदिवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में और कौन शामिल था? जांचकर्ता उस मामले की भी जांच कर रहे हैं। आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि नाबालिग का शारीरिक परीक्षण भी किया गया है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि मल्लारपुर इलाके में एक मेला लगा है। गत सोमवार की रात नाबालिग लड़की एक रिश्तेदार के साथ मेले में गई थी। वापस आते समय आरोप है कि कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया।

आरोप है कि लड़की को घसीटकर सड़क के किनारे जंगल में ले जाया गया। इस बीच, रिश्तेदार भागकर स्थानीय लोगों को घटना की सूचना देने चला गया। आरोप है कि जंगल में लड़की से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इसके बाद, बदमाश नाबालिग लड़की को जंगल में छोड़कर भाग गए। स्थानीय लोगों ने रात में ही जंगल में खोजना शुरू किया। कुछ देर बाद लड़की को बचा लिया गया। मल्लारपुर थाना को सूचित किया गया। पुलिस जल्दी से मौके पर गई। नाबालिग के घर पर भी सूचित किया गया।

आरोपियों की तलाश में रात से ही अलग-अलग जगहों पर तलाशी अभियान शुरू कर दी गई। पुलिस ने जंगल और आस-पास के इलाकों में रात भर छापा मारकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। नाबालिग को फिजिकल जांच के लिए रामपुरहाट गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज भेजा गया। नाबालिग के परिवार ने आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग की है।

## मालदह में सड़क हादसे में स्कूल शिक्षक की मौत

**मालदह :** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक प्राइमरी स्कूल शिक्षक की मौत हो गई। यह हादसा सोमवार की रात जिले के समसी के भगवानपुर 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। मृत शिक्षक का नाम बिपुल मंडल (35) है। वह रतुआ-2 ब्लॉक के अड़ाईडांगा उत्तर हरिपुर के निवासी थे। वह मेघडुमरा प्राइमरी स्कूल में पढ़ाते थे। परिजनों के अनुसार, विपुल मंडल अपनी पत्नी और 18 दिन के नवजात बच्चे के साथ समसी के गणेशपाड़ा में किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को वह हरिपुर स्थित अपने पैतृक घर से बाइक पर समसी लौट रहे थे। इसी दौरान भगवानपुर 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बिपुल सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामसी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### एकल श्रीहरि सत्संग समिति के पंचदिवसीय 'श्री मीरा चरित्र' का दूसरा दिन

## भक्ति छिपाकर क्यों करें? गलत काम तो खुल्लम-खुला हो रहे : श्री गौरदास जी महाराज

**कोलकाता :** 'कुछ लोग कहते हैं की भक्ति छिप कर करो। ये माला, ये तिलक दिखाने की क्या जरूरत है। अरे! क्यों छिप कर करे भइया। लोग पाप तो छिप कर नहीं कर रहें, गलत काम तो सड़क पर खुल्लम-खुल्ला हो रहे है। सिगरेट, शराब पीने वाला तो छिप कर नहीं पी रहा तो जो काम छिप कर होने चाहिए उनको कोई कुछ नही कह रहा तो फिर यह क्यूँ कह रहें है कि ये माला झोली दिखाने को रखी हैं। मैं कहता हूँ हाँ दिखाने को रखी है। इसको देखेंगे तो कोई तो इससे सीखेगा।' ये उद्गार देश के करोड़ों ग्रामीणों एवं वनवासी बंधुओं को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने और सनातन संस्कृति की चेतना जागृत करने हेतु एकल श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता की ओर से तपसिया के ओजस बैंक्वेट हॉल में आयोजित



पंचदिवसीय 'श्री मीरा चरित्र' के आज दूसरे दिन की कथा सुनाते हुए कथा व्यास परम श्रद्धेय श्री गौरदास जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने व्यक्त किए। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराजश्री ने कहा कि पुनर्जन्म सिर्फ सनातन धर्म में माना जाता है और किसी जन्म में नहीं। सनातन धर्म के अनुसार वर्तमान जन्म हमारे पूर्व जन्म के कर्मों का परिणाम है। यह हमारा पहला जन्म नहीं इसके पहले हमारे अनन्त जन्म हो चूकें है। कर्म दर कर्म के अनुसार शरीर मिलता है। यह कर्म की यात्रा उस दिन पूरी होगी जिस दिन हमारे सारे कर्म क्षय हो जायेंगे।

कथा प्रारम्भ से पूर्व कथा के मुख्य यजमान श्री मनोज बेसवाल सहित आज के यजमान इमामी समूह के चेयरमैन श्री राधेश्याम गोयनका, राजेश अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, जयदेव-सुदीप चितलांगिया, अशोक-अलका मोदी, सरोज कुमार अग्रवाल, निर्मल सराफ, अभिनव अग्रवाल, अनिल कारीवाल, ऋषि जालान, ईष्ट बंगाल क्लब की जनरल सेक्रेटरी रूपल शाह, हरिकिशन चौधरी, शोभा तोदी, पवन अग्रवाल, त्रिभुवन काबरा, रूपा अग्रवाल, सुधा भट्टर, देवाशीष, रामानंद रूस्तगी, निर्मला आदि गणमान्य लोगों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

नीरज हाडोदिया व सुभाष मुरारका ने भावपूर्ण संचालन किया। आज कथा स्थल पर बालाजी जागरण मंडल द्वारा सामूहिक सुन्दरकांड पाठ का आयोजन हुआ। श्री लक्ष्मीकांत तिवारी ने कथा श्रवणकर्त्ताओं और जीतू तोदी ने सुंदरकांड में शामिल भक्तों के लिए प्रसाद का प्रबंध किया। आयोजन की सफलता में बुलाकी दास मामानी, प्रदीप रावलवासिया, नंदकिशोर माहेश्वरी, विनय चूग, महेश भुवालका, विकास पोद्दार, मनोज कुमार चेतानी, अनुराग गुप्ता, नितीन सिंघी, प्रमोद ढाढनिया आदि सक्रियता से जुटे हुए हैं। कथा 19 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 4 से 7 बजे तक चलेगी।

## बच्चों, युवा पीढ़ी को संस्कारित करना माता - पिता का कर्तव्य : स्वामी चैतन्य जी महाराज

**कोलकाता :** करपात्री जी फाउंडेशन के स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य जी महाराज ने गोविन्द भवन, कोलकाता में धार्मिक सत्संग में श्रद्धालु भक्तों को मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा दी। स्वामी चैतन्य महाराज ने कहा पिता दशरथ के वचन के पालन हेतु श्रीराम ने अयोध्या का राजपाट त्याग दिया। सीता के सम्मान की रक्षा के लिये रावण से युद्ध किया। श्रीराम मर्यादा के प्रतीक हैं। धर्म का पालन करना पुत्र का कर्तव्य है। स्वामी चैतन्य महाराज ने भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए कहा वैदिक, सनातन परम्परा की रक्षा करने के उद्देश्य से बच्चों, युवा पीढ़ी को संस्कारित करना माता - पिता का कर्तव्य है। जीवन का लक्ष्य आपको दिशा देता है। स्वामी चैतन्य महाराज ने कहा मन चंचल होता है,



सांसारिक - भौतिक सुख की चाहत में भटकता रहता है। चंचल मन तूफानी समुद्र में बिना पतवार की नाव के समान है, जहाँ भटक जाना आसान है, लेकिन लक्ष्य जीवन में रोडमैप की तरह काम करता है जो हमें फोकस करने, बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। आत्मीय सुख क्षणिक, भौतिक सुख से अलग होता है, यह परम आनंद, सच्चिदानंद है। समाजसेवी केशोराम अग्रवाल, धर्मानुरागी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, परीक्षित अग्रवाल, गौरांग अग्रवाल, बंशीलाल मोहता, ब्रह्मचारी प्रणवानंद चैतन्य महाराज, आचार्य सागर महाराज, आचार्य आदर्श महाराज, शास्त्री विश्वजीत शर्मा एवम् श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

# हावड़ा में मतदाता सूची पुनरीक्षण पूरा, 36.93 लाख लोगों ने एन्यूमरेशन फॉर्म भरे

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का एन्यूमरेशन चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, 16 दिसंबर तक जिले के कुल 41,40,912 मतदाताओं में से 36,93,571 मतदाताओं ने अपने एन्यूमरेशन फॉर्म जमा किए हैं, जो व्यापक भागीदारी को दर्शाता है। बताया गया कि कुछ मतदाताओं के फॉर्म बीएलओ तक नहीं पहुंचे, क्योंकि वे अन्य राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों में पंजीकृत थे, अस्तित्व में नहीं पाए गए, 11



दिसंबर तक फॉर्म जमा नहीं कर पाए या किसी कारणवश पंजीकरण के इच्छुक नहीं थे। ऐसे सभी पात्र मतदाताओं को 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक चलने वाली दावा और आपत्ति अवधि के दौरान नाम जोड़ने का अवसर मिलेगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार, प्रक्रिया में 16 विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ, 164 एईआरओ और 4,393 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही 8 प्रमुख राजनीतिक दलों के 9,349 बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) भी शामिल रहे। ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को प्रकाशित कर दी गई है, जबकि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी होगी। मतदाता अपना नाम बीएलओ, ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप या वेबसाइट के माध्यम से जांच सकते हैं। जिनका नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने दोहराया है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सहभागी और समावेशी है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित प्रक्रिया के नहीं हटाया जाएगा।

# भाजपा सांसद ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग लोकसभा में उठाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद राजू बिस्टा ने मंगलवार को लोकसभा में सरकार से मांग की कि संविधान के अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। भाजपा सांसद ने अप्रचलित और पुराने हो चुके कानूनों को समाप्त करने या संशोधित करने के प्रावधान वाले 'निरसन और संशोधन विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने अपने गृह राज्य का उल्लेख करते हुए कहा कि अप्रचलित कानूनों को निरस्त करना तो अच्छी बात है, लेकिन सरकार को यह भी सोचना चाहिए कि ऐसे भी कानून हैं जो संसद में बनते हैं



और कुछ राज्यों में इन्हें लागू नहीं किया जाता। भाजपा सदस्य ने दावा किया कि वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) 2006 को आज तक उनके संसदीय क्षेत्र दार्जिलिंग, तराई और दुअर्स में अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रम संहिता 2020 को पारित किया गया, लेकिन आज भी पश्चिम बंगाल में इस कानून के नियम नहीं बने हैं, जिसके कारण चाय बागान के श्रमिक अपने अधिकारों से वंचित है। बिस्टा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) जैसे अनेक कानूनों का विरोध होता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करते हुए कहा कि संविधान में एक अनुच्छेद, एक कानून ऐसा भी है जिसका नाम 356 है। मैं इस सदन की ओर से सरकार से मांग करता हूं कि अनुच्छेद 356 लगाकर पश्चिम बंगाल को न्याय दे, बंगाल के 'चिकन्स नेक' क्षेत्र को सुरक्षित करे और पूरे पश्चिम बंगाल को सुरक्षित कर भारत को सशक्त बनाए।

# कोलकाता में विजय दिवस पर गूंजा शौर्य का सम्मान, 1971 युद्ध के वीरों को दी गई श्रद्धांजलि



❑ **बंगाल और मिजोरम के राज्यपाल सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने विजय स्मारक पर शूरवीरों को दी श्रद्धांजलि**

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की सैन्य इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखने वाले 1971 के भारत-पाक युद्ध की ऐतिहासिक जीत की 54वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को कोलकाता में विजय दिवस पूरे सम्मान और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय, विजय दुर्ग परिसर स्थित विजय स्मारक पर आयोजित भव्य समारोह में मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस तथा विशिष्ट अतिथि मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व थलसेना प्रमुख वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और वीरता पदक से सम्मानित पूर्व सैनिकों के साथ विजय स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए। इस मौके पर पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी, पूर्व वायुसेना प्रमुख अरूप राहा सहित तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही 1971 युद्ध के कई पूर्व सेनानी, 'मुक्ति योद्धाओं' के साथ समारोह में शामिल 20 सदस्यीय बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल ने भी शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान सेना के तीन हेलीकॉप्टरों से विजय स्मारक पर पुष्प वर्षा की गई, जबकि आर्मी बैंड द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति धुनों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया।

## इतिहास भूलने वाला देश अपना अस्तित्व खो देता है: जनरल वीके सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** 1971 के भारत-पाक युद्ध में मिली ऐतिहासिक विजय की 54वीं वर्षगांठ पर विजय दिवस के अवसर पर मिजोरम के राज्यपाल और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने कहा कि जो देश अपना इतिहास भूल जाता है, उसका अस्तित्व लंबे समय तक टिक नहीं पाता। कोलकाता के सेना पूर्वी कमान मुख्यालय, विजय दुर्ग में विजय स्मारक पर आयोजित समारोह में उन्होंने 1971 के युद्ध में भारतीय सेना और मुक्ति योद्धाओं के साहस, पराक्रम और बलिदान को याद किया। जनरल सिंह ने कहा कि भारत ने मुक्ति योद्धाओं के साथ मिलकर पाक सेना के अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने बांग्लादेश से कहा कि यह इतिहास हमेशा याद रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विजय दिवस राजनीतिक विवाद का मंच नहीं है, बल्कि वीर सपूतों के सम्मान का दिन है। पूर्वोत्तर राज्यों के विकास पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। सेना की वर्तमान क्षमता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज देश की सैन्य शक्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हो गई है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सकारात्मक संकेत है। जनरल सिंह ने बांग्लादेश के लिए सुख-शांति और प्रगति की कामना करते हुए जोर दिया कि विजय दिवस को सम्मान और गर्व के साथ मनाया जाना चाहिए।

❑ **बंगाल के राज्यपाल ने सशस्त्र बलों के पराक्रम को किया सलाम**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध में भारतीय सेना की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया कि अंततः सत्य की ही जीत होती है। राज्यपाल ने 1971 के युद्ध के वीर सैनिकों को स्मरण करते हुए कहा कि भारत ने 'मुक्ति योद्धाओं' के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अत्याचार के खिलाफ और लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष किया। इसी संघर्ष के परिणामस्वरूप पाकिस्तान को पराजय का सामना करना पड़ा और बांग्लादेश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने कहा कि यह विजय इस बात की याद दिलाती है कि किसी भी राष्ट्र को महान और सशक्त बनाने में उसके सैनिकों का बलिदान और साहस निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने बार-बार सिद्ध किया है कि सत्य और नैतिक शक्ति, क्रूरता और अन्याय पर हमेशा भारी पड़ती है। राज्यपाल ने इस अवसर पर बांग्लादेश की जनता को भी शुभकामनाएं दीं।

# बालीगंज इलाके से 10 लाख रुपये के आभूषण चोरी मामले में महिला गिरफ्तार

❑ **अधिकांश गहने बरामद**

**कोलकाता :** बालीगंज थाना क्षेत्र में एक घर से सोना-हीरे के आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में आरोपी महिला को दार्जिलिंग से गिरफ्तार किया गया है और चोरी गए आभूषणों का बड़ा हिस्सा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 10 दिसंबर की सुबह से पहले बालीगंज थाना अंतर्गत क्वीन्स पार्क स्थित 6/1/2 नंबर मकान से लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के सोने और हीरे के गहने चोरी किए गए थे। इस संबंध में बालीगंज थाने में मामला दर्ज किया गया था, बाद में जांच की जिम्मेदारी एबीएस डीडी को सौंपी गई। तकनीकी निगरानी के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी रत्ना शंकर उर्फ रत्ना शंकर चोरी के तुरंत



बाद अपने पैतृक स्थान दार्जिलिंग फरार हो गई थी। इसके बाद दार्जिलिंग में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए आभूषणों का अधिकांश हिस्सा बरामद कर लिया गया है। शेष आभूषणों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार महिला को ट्रांजिट रिमांड के लिए सोमवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## खेल मंत्री के इस्तीफे को शुभेंदु अधिकारी ने बताया दिखावा, गिरफ्तारी की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता और तोड़फोड़ की घटना के बाद खेल मंत्री पद से अरूप विश्वास के मंगलवार को इस्तीफे पर कहा कि यह दिखावा है। शुभेंदु ने कहा कि केवल इस्तीफा काफी नहीं है, बल्कि खेल मंत्री की गिरफ्तारी होनी चाहिए। शुभेंदु ने कहा कि इस घटना से बंगाल की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल इस्तीफा देकर जिम्मेदारी से नहीं बचा जा सकता। पूरे मामले में जिम्मेदारी तय कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। शुभेंदु ने इस मामले में अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु की गिरफ्तारी की भी मांग की। शुभेंदु ने इसके साथ दर्शकों को टिकट के पूरे पैसे वापस किए जाने की भी मांग की।

# हावड़ा में पाइपलाइन मरम्मत के चलते कल अस्थायी रूप से पानी रहेगा बंद

**हावड़ा, समाज्ञा :** पाइपलाइन से जुड़े कार्यों के चलते हावड़ा नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। हावड़ा नगर निगम की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से शहर में पेयजल आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। यह सेवा शुक्रवार 19 दिसंबर को तड़के सुबह 5:30 बजे तक बंद रहेगी। शुक्रवार सुबह 6 बजे से निर्धारित समय के अनुसार सामान्य रूप से पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इस दौरान हावड़ा नगर निगम के सभी 50 वार्डों में जल आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी, जिससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए नगर निगम ने नागरिकों से खेद भी व्यक्त किया है। जानकारी



के अनुसार, केएमडीए के पद्मपुकुर जल परियोजना से हावड़ा शहर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। इस अवधि में शहर के विभिन्न इलाकों में पाइपलाइन की मरम्मत, रखरखाव, आपसी कनेक्शन, नए वाल्व की स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। इस संबंध में हावड़ा नगर निगम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज के माध्यम से भी नागरिकों को सूचना दी है।

# कोल इंडिया चेयरमैन ने ईसीएल क्षेत्रों में संचालन की ऑन-साइट समीक्षा की



**आसनसोल :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन बी. साईराम ने पदभार ग्रहण करने के अगले ही दिन, मंगलवार को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के प्रमुख परिचालन क्षेत्रों का विस्तृत क्षेत्रीय दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य खनन कार्यों, पुनर्वास पहलों, हितधारकों के साथ संवाद, जमीनी चुनौतियों तथा कार्यबल के साथ बातचीत की समीक्षा करना था। चेयरमैन ने अपने दौरे की शुरुआत सोनेपुर बाजारी परियोजना के निरीक्षण से की, जहां उन्होंने चल रही खनन गतिविधियों की समीक्षा की। सोनेपुर बाजारी व्यू प्वाइंट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा, ईसीएल के निदेशक (वित्त) मो. अंजार आलम, निदेशक (तकनीकी/संचालन) नीलाद्री रॉय तथा निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) गिरीश गोपीनाथन नायर, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीआईएल के कार्यकारी निदेशक (उत्पादन) आनंद भी चेयरमैन के साथ उपस्थित थे।

# प्रेमिका को चाकू मारने के बाद प्रेमी चौथी मंजिल से 'कूदा', हुई मौत

❑ **गंभीर हालत में प्रेमिका अस्पताल में इलाजरत**

❑ **पति की मौत के बाद घायल महिला युवक के साथ आई थी रिलेशनशिप में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पोस्ता थाना अंतर्गत शिव ठाकुर लेन स्थित एक आवासीय इमारत में शुक्रवार की सुबह सनसनीखेज घटना घटी। सुबह करीब 11 बजे एक युवक ने पहले एक विवाहिता महिला पर धारदार चाकू से हमला किया और फिर उसी इमारत की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। युवक को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेंद्र शर्मा उर्फ विकी के रूप में हुई है। वह बड़ाबाजार के ही जगमोहन मल्लिक लेन स्थित एक इमारत की पांचवीं मंजिल पर रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह शर्मा परिवार का इकलौता पुत्र था और उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष से कम बताई जा





रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतक का संपर्क शिखा सिंह नामक एक विवाहिता महिला से था, जो दो बच्चों की मां है। महिला के पति दीपक सिंह, जो पेशे से ऑटो चालक था, की लगभग एक वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि पति की मृत्यु के बाद युवक का महिला के घर आना-जाना बढ़ गया था, जिसे महिला पसंद नहीं करती थी और इस संबंध में उसने थाने में शिकायत भी की थी। घटना के दिन किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद युचक ने महिला पर चाकू से हमला किया और फिर तीसरी मंजिल से कूद गया। गंभीर रूप से घायल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराचा गया है, जहां उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बादाम समझकर जहरीला फल खाने से 11 बच्चे पड़े बीमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के मंदिरबाजार थानांतर्गत बलदेवपुर गांव के 11 बच्चों ने सोमवार की शाम बादाम जैसा दिखने वाला कोई जहरीला फल खाने से बीमार हो गए। सभी को डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोमवार की शाम बच्चे सड़क के किनारे मैदान में खेल रहे थे। तभी, उनकी नजर सड़क के किनारे के पेड़ पर पड़ी। उस पेड़ से फल तोड़कर उन्होंने एक के बाद एक खा लिया। उसके बाद ही उन्हें उल्टी, पेट दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। बच्चों की शारीरिक स्थिति में गिरावट देखकर परिवार के लोग घबरा गए। उन्हें मथुरापुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को समझते हुए रात में ही डॉक्टरों ने 11 बच्चों को डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## हावड़ा डिवीजन में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम को लेकर जागरूकता सेमिनार आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन द्वारा यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह के तहत मंगलवार को एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार हावड़ा स्थित नए डीआरएम भवन के असेंबली हॉल में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और गरिमापूर्ण कार्यस्थल सुनिश्चित करना तथा



समावेशी कार्य संस्कृति को मजबूत करना रहा। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में डॉ. देबजानी मुखर्जी, एसीएमएस/हावड़ा, अधिवक्ता यासमिन खातून तथा परामर्शदाता सारबानी चक्रवर्ती ने भाग लिया। वक्ताओं ने कर्मचारियों एवं प्रशासन की जिम्मेदारियों, शिकायत निवारण तंत्र और कार्यस्थल पर आपसी सम्मान एवं पेशेवर आचरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एपीओ-वी/हावड़ा प्रभात कुमार कुजूर ने किया। इस अवसर पर कुल 53 कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता जताई।

# ड्राफ्ट मतदाता सूची में 'मृत' घोषित होने पर डानकुनी के टीएमसी पार्षद का श्मशान में अनोखा विरोध

**हुगली :** मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी किए जाने के साथ ही जिले में हंगामा शुरू हो गया। सूची में मृत, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं के नाम अलग से प्रकाशित किए गए, जिसमें डानकुनी नगरपालिका के 18 नंबर वार्ड के तृणमूल कांग्रेस पार्षद सूर्य दे का नाम मृत दर्शाया गया। इसे लेकर इलाके में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली।

अपने नाम के सामने मृत लिखा देख पार्षद सूर्य दे विरोध जताने के लिए कालीपुर श्मशान पहुंचे और वहीं बैठकर अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जब एक जनप्रतिनिधि को ही ड्राफ्ट सूची में मृत दिखाया जा सकता है, तो आम लोगों के नाम जानबूझकर हटाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया



जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। पार्षद ने तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है तो चुनाव आयोग के अधिकारी आकर उन्हें चिता में जला दें। इस मामले पर हुगली के जिलाधिकारी खुरशिद अली कादरी ने कहा कि उन्हें अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं, हुगली सांगठनिक जिला तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अरिंदम गुइन ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में गंभीर लापरवाही हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो काम दो साल में होना चाहिए था, वह दो महीने में कैसे पूरा कर लिया गया।

# असली गहने समझकर नकली गहने चुराने वाले चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर इलाके में सोने के गहने समझकर इमिटेशन गहनों की चोरी करने वाले चोर पुलिस के जाल में फंस गया। गश्त पर निकली पुलिस की गाड़ी देखकर बोरी भर इमिटेशन गहने फेंककर भागने की कोशिश करने वाला चोर आखिरकार पकड़ लिया गया, जबकि एक अन्य अभी फरार है। गिरफ्तार आरोपी का नाम स्वदेश राय है। पुलिस ने लगभग तीन लाख रुपये मूल्य के इमिटेशन गहने बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, इमिटेशन गहने बनाने वाली फैक्ट्री के एस्बेस्टर को तोड़कर चोरी की गई थी। चोरी के दौरान जब दोनों चोर पुलिस की गाड़ी देखे गए, तो उन्होंने चोरी का सामान वहीं फेंककर भागने की कोशिश की। सीसीटीवी फुटेज के



माध्यम से पुलिस ने उनकी पहचान की। बाद में, जगतबल्लभपुर थाना की पुलिस ने आमता थाना क्षेत्र के सेनरडांगा से आरोपी को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि वहां सोने के गहने बनाए जाते हैं, इसी के आधार पर चोरी की योजना बनाई गई थी। आरोपी को मंगलवार को हावड़ा अदालत में पेश किया गया। इस मामले की जांच जारी है।


## मां फ्लाईओवर पर एक के बाद एक गाड़ियों की टक्कर, बाइक सवार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां फ्लाईओवर पर मंगलवार की सुबह एक के बाद एक गाड़ियों की टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार, मां फ्लाईओवर पर एक गाड़ी डिवाइडर से टकराकर उल्टी दिशा की लेन में आ गई। उल्टी दिशा की लेन में आकर उसने एक अन्य गाड़ी को टक्कर मार दी। बाद में, उस गाड़ी को एक बाइक ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। यह एक श्रृंखला दुर्घटना थी जिसमें पहले एक गाड़ी ने डिवाइडर से टक्कर मारी, फिर उल्टी लेन में जाकर दूसरी गाड़ी से टकराई, और अंत में एक बाइक भी इस टक्कर की चपेट में आ गई। पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था बहाल करने का प्रयास किया।

# पश्चिम बंगाल में पीएम-किसान योजना के तहत लाखों किसानों को मिला सीधा लाभ

❑ **हर पात्र किसान के खाते में सीधे 6,000 तीन किस्तों में ट्रांसफर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में पीएम-किसान योजना के तहत अब तक लाखों किसानों को वित्तीय लाभ मिल चुका है। केंद्रीय राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, रामनाथ ठाकुर ने लोकसभा में बताया कि पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना है, जिसे फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की आर्थिक मदद के लिए शुरू किया गया था। इस योजना के तहत पात्र किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में प्रति वर्ष 6,000/- तीन समान किस्तों में सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के



माध्यम से ट्रांसफर किया जाता है। योजना में पात्रता के लिए खेती योग्य भूमि होना अनिवार्य है, जबकि कुछ उच्च आर्थिक स्थिति वाले किसान इससे बाहर हैं।

लोकसभा में सांसद सायानी घोष के सवाल के लिखित जवाब में, जिसमें पश्चिम बंगाल में पीएम-किसान निधि वितरण की वर्तमान स्थिति, कितने किसानों को किस्तें मिली हैं, कितने आवेदन लंबित हैं और राज्य सरकार द्वारा 5,000 वार्षिक किसान सहायता एवं मुफ्त फसल बीमा जैसी वैकल्पिक योजनाएं लागू करने की जानकारी मांगी गई थी, श्री ठाकुर ने कहा कि डिजिटल आधारभूत संरचना के कारण योजना का लाभ देशभर के सभी किसानों तक बिना किसी मध्यस्थ के पहुंच रहा है। योजना की शुरुआत से अब तक 4.09 लाख करोड़ की राशि 21 किस्तों में किसानों के खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को योजना के तहत पात्र किसानों की पहचान और सत्यापन करना होता है। इसमें भूमि रिकॉर्ड, आधार बैंक खाते से लिंकिंग और ई-केवाईसी शामिल है। पश्चिम बंगाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 से अपने किसानों का डेटा प्रदान करना शुरू किया और तब से राज्य के किसान इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अप्रैल 2021 से नवंबर 2025 तक लगभग 44.48 लाख किसानों को अंतिम किस्त के रूप में 889.73 करोड़ का लाभ मिल चुका है। इस प्रकार राज्य के लाखों किसानों ने पीएम-किसान योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त की है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। केंद्रीय सरकार इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन और लाभार्थियों तक पारदर्शी वितरण को सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी कर रही है।



## मुजफ्फरनगर में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** मुजफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र में भोपा बाईपास पर एक अज्ञात तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृत महिलाओं की पहचान राजवीरी (47) और बबली (45) के रूप में हुई है, जबकि सोनिया (23) गंभीर रूप से घायल हो गई। नई मंडी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजू कुमार साव ने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को तब हुई, जब महिलाएं सड़क पार कर रही थीं। सीओ ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायल महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एसआईआर: राजस्थान में मतदाता सूची से लगभग 42 लाख नाम हटाए गए

**जयपुर:** राजस्थान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत लगभग 42 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी नवीन महाजन ने मंगलवार को बताया कि राज्य में कुल 5.46 करोड़ मतदाताओं में से 41.85 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा नहीं किए जा सके क्योंकि या तो उनका निधन हो चुका है, या वे स्थायी रूप से कहीं और चले गए हैं। उनके मुताबिक, वे इस प्रक्रिया के गणना चरण के दौरान मौजूद नहीं थे। उन्होंने बताया कि इनके अलावा लगभग 11 लाख मतदाता ऐसे हैं जिन्हें अपने दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। महाजन ने कहा कि जयपुर जिले में सबसे ज्यादा मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

## धनबाद में एक इमारत में आग लगने से दो लोगों की जलकर मौत

**धनबाद:** झारखंड के धनबाद जिले में एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से एक बुजुर्ग महिला समेत एक ही परिवार के दो सदस्यों की जलने से मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार रात सेराइढेला पुलिस थाना क्षेत्र के विकास नगर की है। दमकल कर्मियों ने बाद में आग पर काबू पा लिया और अन्य निवासियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। सेराइढेला पुलिस थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने बताया, इमारत से दो जले हुए शव बरामद किए गए और दो अन्य घायल लोगों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल रहे राम विलास वेदांती के पार्थिव शरीर को सरयू नदी में जल समाधि दी गई



**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख नेता रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती के पार्थिव शरीर को मंगलवार को अयोध्या में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरयू नदी में जल समाधि दी गई। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर डॉ. रामविलास वेदांती को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, वेदांती जी महाराज भौतिक रूप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संपूर्ण जीवन राम काज को समर्पित रहा। डॉ. वेदांती का एक दिन पहले निधन हो गया था। डॉ वेदांती की अंतिम यात्रा अयोध्या स्थित उनके आवास से शुरू हुई और शहर के भ्रमण के लिए आगे बढ़ी। यह यात्रा जानकी महल से होते हुए मुख्य सड़क पर पहुंची। राम पथ पर मंदिरों के बाहर से राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के दर्शन किए गए। इसके बाद अंतिम यात्रा सरयू नदी के तट स्थित तुलसीदास घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनके पार्थिव शरीर को जल समाधि दी गई। वेदांती के पार्थिव शरीर को 25-25 किलो रेत से भरी चार बोरियों से बांधा गया। फिर पार्थिव शरीर को सरयू नदी के मध्य में विसर्जित किया गया। इससे पहले, अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को अयोध्या स्थित उनके आवास पर रखा गया था। मुख्यमंत्री योगी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही और भाजपा नेता बृजभूषण सिंह सहित कई अन्य लोगों ने वेदांती के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा, देश भर से संत भी उनके अंतिम दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे।

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर रामविलास वेदांती को दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख नेता रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, वेदांती जी महाराज भौतिक रूप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संपूर्ण जीवन राम काज को समर्पित रहा। डॉ. वेदांती का एक दिन पहले निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने वशिष्ठ आश्रम के संत डॉ. वेदांती को पुष्पांजलि अर्पित की। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'आज श्री अयोध्या धाम में पूर्व सांसद एवं वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत, ब्रह्मलीन डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।'' उन्होंने लिखा, 'राम काज व राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित उनका संपूर्ण त्यागमय जीवन हम सभी के लिए सदैव स्मरणीय और प्रेरणाप्रद रहेगा। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।'

## रोहतास में 92.67 किलो गांजा जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार



**रोहतास:** बिहार पुलिस ने रोहतास जिले से 92.67 किलोग्राम गांजा जब्त किया है और इस बाबत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। डेहरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अतुलेश झा ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि डेहरी नगर थाने को सूचना मिली थी कि गांजा तस्कर कार और ट्रैक्टर से भारी मात्रा में गांजा लेकर औरंगाबाद के रास्ते डेहरी की ओर आ रहे हैं। झा के मुताबिक, सूचना के आधार पर तस्करों की गिरफ्तारी और गांजा की बरामदगी के लिए एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम ने पाली रोड एनएच-02 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया और इसी दौरान औरंगाबाद की ओर से आ रही कार और ट्रैक्टर को रोका गया तथा दंडाधिकारी की उपस्थिति में दोनों वाहनों की विधिवत तलाशी ली गई। झा ने बताया कि तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 6.29 किलोग्राम गांजा और ट्रैक्टर से 86.38 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस प्रकार कुल 92.67 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गांजा तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान पप्पू कुमार (31), शिव कुमार (23), अनिश सौरभ (25), टुन्नू कुमार (21) और मनीष कुमार (25) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। साथ ही, गिरफ्तार तस्करों के बयान के आधार पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है।

## सात निश्चय-3' के क्रियान्वयन से 'विकसित बिहार' बनाने में मदद मिलेगी: नीतीश कुमार

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्णय लिया है और इस कदम से 'विकसित बिहार' के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि 24 नवंबर 2005 को उनकी सरकार बनने के बाद राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है और बीते लगभग 20 वर्षों में सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास के लिए लगातार कार्य किया गया है। उन्होंने कहा, 'सुशासन के कार्यक्रमों के अन्तर्गत 'सात निश्चय' (2015-2020) और 'सात निश्चय-2' (2020-2025) में न्याय के साथ विकास से जुड़े निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के बाद बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु अब 'सात निश्चय-3' कार्यक्रमों को लागू करने का निर्णय लिया गया है।' उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि 'सात निश्चय-3' के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से विकसित बिहार के



संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी तथा बिहार सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सात निश्चय-3' का पहला निश्चय 'दोगुना रोजगार-दोगुनी आय' है, जिसका उद्देश्य राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करना है। उन्होंने कहा, 'इसके लिए विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं और रोजगार विस्तार के लिए दो लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है।' कुमार ने कहा, 'हम लोगों ने वर्ष 2023 में राज्य में जाति आधारित गणना के साथ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण भी कराया था, जिसमें चिह्नित 94 लाख गरीब परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।' उन्होंने कहा, ''अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए वर्तमान में अलग से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का गठन किया जा चुका है।'

## न्यूज अपडेट

### मथुरा: जलती बस में फंसी मां ने बच्चों की जान बचाई, पॉलीबैग में भरकर लाए जा रहे क्षत-विक्षत शव



**मथुरा:** कोहरे की चादर में लिपटे यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के हुआ भीषण सड़क हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि मां की ममता और साहस की ऐसी कहानी बन गया, जिसने हर आंख नम कर दीं। जिला हमीरपुर के राठ की रहने वाली 42 वर्षीय पार्वती अपने दो बच्चों प्राची (12) और सनी (8) के साथ डबल डेकर बस से नोएडा अपने पति गोविंद के पास जा रही थीं। पार्वती ने इस हादसे में अपने दोनों बच्चों को तो बचा लिया पर वह खुद आग की लपटों में घिर गई। बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 127 किमी पर तड़के करीब 4 बजे अचानक बस की जोरदार टक्कर हुई। पलभर में धमाके की आवाज गूंजी, बस से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। मौत सामने खड़ी थी लेकिन एक मां की ममता उससे भी बड़ी निकली। खतरे को भांपते ही पार्वती ने बिना पल गंवाए अपने सिर से बस की खिड़की का कांच तोड़ दिया। कांच के टुकड़े उनकी गर्दन में धंस गए, खून बहने लगा, लेकिन उसने दर्द की परवाह नहीं की। पहले अपनी बेटी प्राची को बाहर निकाला फिर बेटे सनी को। बच्चों की जान बच गई, मगर खुद पार्वती जलती हुई बस में फंस गईं। इसके बाद आग ने ऐसा विकराल रूप लिया कि बस में जो जहां था, जिंदा जल गया। यमुना एक्सप्रेसवे का यह हादसा सिर्फ आंकड़ों की खबर नहीं बल्कि एक मां की ममता और त्याग की भी कहानी है।इस दर्दनाक हादसे ने धर्म नगरी मथुरा को गहरे शोक में डुबो दिया है। सैकड़ों लोग इस हादसे से प्रभावित हुए, कई परिवार उजड़ गए। पार्वती की सूचना मिलते ही उनके पति गोविंद अपने बेटे आकाश और अन्य परिजन के साथ मथुरा पहुंचे। जिला अस्पताल, वृंदावन, पोस्टमार्टम हाउस हर जगह भटक रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से पत्नी की खोज-खबर ले रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है।

### हिजाब हटाने के दौरान नीतीश कुमार का व्यवहार पितृतुल्य था : जमा खान

**पटना:** बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक युवती के चेहरे से हिजाब हटाते समय 'पितृतुल्य' भाव से व्यवहार किया था। सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने के दौरान यह घटना घटी थी, जिसके बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। इस मामले पर पूछे जाने पर खान ने कहा, 'मुख्यमंत्री संभवतः उस युवती के पिता से भी अधिक उम्र के हैं। मेरी भी एक बेटी है और मैं यह महसूस कर सकता हूं कि मुख्यमंत्री ने किस पितृतुल्य स्नेह के भाव से ऐसा किया। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें से 10 चिकित्सकों को मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र सौंपे, जिनमें हिजाब पहने नुसरत परवीन भी शामिल थीं।

### लोगों को किसी भी धर्म का पालन करने की आजादी लेकिन मानव धर्म को प्राथमिकता देनी चाहिए: होसबोले

**संत कबीर नगर (उप्र):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने मंगलवार को कहा कि लोगों को किसी भी धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता है, लेकिन उन्हें मानव धर्म को प्राथमिकता देनी चाहिए। आरएसएस शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के दौरान खलीलाबाद कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए होसबोले ने कहा, भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और देश को हर क्षेत्र में मजबूत करना नागरिकों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि 'भारत माता की जय' का नारा देश के प्रति अपने कर्तव्य में जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, लोगों को किसी भी धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता है, लेकिन उन्हें मानव धर्म को प्राथमिकता देनी चाहिए। देश के विभाजन का जिक्र करते हुए होसबोले ने सवाल उठाया कि उसके बाद पाकिस्तान और कश्मीर में हिंदुओं के साथ क्या हुआ, यह तो सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू दर्शन सभी जीवित प्राणियों और प्रकृति के प्रति अहिंसा सिखाता है और बच्चों का नाम देवी-देवताओं के नाम पर रखने की भारत की अनूठी परंपरा पर प्रकाश डाला।

# मनोरंजन

## अनोखी मुलाकात

नरेन्द्र देवांगन

किसी गांव में किशन नामक साधारण किसान रहता था। वह बहुत मेहनत करता था पर उगाई गई फसल का आधा भाग राजा को कर में देना पड़ता था। कर देने के बाद केवल गुजारे लायक अन्न उसके पास रह जाता था।

एक दिन किशन खेत की ओर जा रहा था। तभी अचानक किसी ने उसे पुकारा। उसने मुड़ कर देखा। एक अजनबी पास आ कर बोला, 'क्या पीने को पानी मिलेगा?'

किशन कुएं से जल भर लाया। पानी पी कर अजनबी की जान में जान आई। वह खेतों में लहलहाती फसल देख कर बोला, 'इस बार फसल अच्छी हुई है।'

'नजर न लगाओ भैया नहीं तो सारी फसल कर में चली जाएगी।' किशन घबरा कर बोला।

'अरे नहीं, राजा ऐसे नहीं हैं।' अजनबी ने विरोध किया।

'हमारे राजा बहुत कर लेते हैं। कर देते-देते हम सब दुखी हैं।' किशन बोला।

अजनबी ने कोई उत्तर नहीं दिया। फिर धन्यवाद कह कर एकाएक चल पड़ा।

अगले दिन सुबह दो सिपाही किशन के खेत पर पहुंचे। उसे साथ में दरबार ले गए। वहां कल वाला अजनबी ही उसके सामने राजा के रूप में खड़ा था।

राजा ने हंस कर कहा, 'डरो नहीं, तुमने मेरी आंखें खोल दी हैं। आज से फसल का केवल दसवां हिस्सा ही कर रूप में सभी को देना होगा।'

महाराज की बात सुन किशन खुशी से उछल पड़ा। (उर्वशी)

## क्रिसमस का उपहार

नरेन्द्र देवांगन

क्रिसमस के दिन करीब थे। सभी अपने रिश्तेदारों के लिए अच्छे कपड़े और उपहार खरीद रहे थे। इन दिनों मैरी बहुत उदास थी। उसके मन में भी अच्छे कपड़े पहन कर शहर घूमने की इच्छा थी परंतु यह सब होता कैसे?

मैरी के पिता गुजर गए थे। सिर्फ उसकी मां थीं, जो सिलाई-कढ़ाई करके घर का खर्च बड़ी मुश्किल से चलाती थीं। मैरी की मां बहुत दिनों से बीमार थीं। काफी रूपए उनके इलाज में खर्च हो चुके थे। अब उनके पास थोड़े रूपए बचे थे। मैरी उन रूपयों से कुछ अगरबत्तियां खरीद लाई, फिर वह यह सोच अगरबत्तियां बेचने घर से निकली कि शायद इन्हीं से कुछ रूपए बच जाएं।

सड़क पर खूब चहल-पहल थी। खिलौने और गिफ्ट की दुकानों पर बहुत भीड़ थी। गिफ्ट की दुकानों पर बच्चों की लंबी कतार थी। सभी बच्चे गिफ्ट खरीदने को आतुर थे। मैरी सड़क के किनारे खड़ी हो कर अगरबत्तियां बेचने लगी परंतु उसकी नजर गिफ्ट की एक दुकान पर थी। दुकान के बाहर कांच की अलमारी में सजे उपहार उसे इतनी दूर से भी अच्छी तरह दिखाई पड़ रहे थे। उससे रहा नहीं गया। वह दुकान की ओर चल पड़ी।

अब वह अलमारी में सजे रंग-बिरंगे गिफ्टों को देख रही थी। उसे सांता क्लॉज वाला गिफ्ट बहुत पसंद आया। वह उसे अपनी बीमार मां को उपहार में देना चाहती थी। उसे दुकान में प्रवेश करने से डर लग रहा था क्योंकि उसकी कमीज फटी हुई थी और उसके पैरों में टूटी चप्पलें थीं, फिर भी वह हिम्मत कर भीतर चली गई।



दुकानदार बहुत व्यस्त थे। रंगीन नरम कपड़े पहने हुए बच्चे उनसे उपहार खरीद रहे थे। दुकानदार अपने नौकरों से कह रहे थे, 'उस हीरे वाले उपहार को ढूंढ़ो। वह हमारे लिए बहुत जरूरी है वरना हमें बहुत घाटा होगा।' यह सुनते ही कुछ नौकर इधर-उधर हीरे वाले उपहार को ढूंढ़ने लगे।

मैरी को देखते ही दुकानदार ने पूछा, 'हां, बताओ तुम्हें क्या चाहिए?'

'सांता क्लॉज।' मैरी धीरे से बोली।

'अच्छा, तो वह सांता क्लॉज।' कहते हुए दुकानदार ने सांता क्लॉज वाला डिब्बे को ले कर आया।

'यह लीजिए आपका उपहार। कीमत सिर्फ दो सौ रूपए।' दुकानदार ने उसे डिब्बा देते हुए कहा।

'दो सौ रूपए।' मैरी चौंकी क्योंकि उसके पास तो सिर्फ पचास ही रूपए थे। दुकानदार समझ गए कि इस लड़की के पास पूरे पैसे नहीं हैं। उन्होंने रूखे स्वर में कहा, 'जब खरीदने की औकात नहीं थी तो यहां हमारा समय बरबाद करने क्यों आ गई हो? अब जाओ यहां से।'

मैरी की आंखों से आंसू निकल आए। सिर झुकाए वह वहां से बाहर निकल आई। तभी उसे एक हीरे जैसी छोटी-सी चीज जमीन पर पड़ी दिखाई दी। उसे याद आया कि दुकानदार अपने नौकरों से हीरे वाला उपहार ढूंढ़ने को कह रहे थे। उसने हीरे वाला उपहार उठा लिया। उसे ले कर वह दुकानदार के पास गई।

'हां......हां...... यही तो वह कीमती उपहार है जो खो गया था।' दुकानदार ने उसे देखते ही कहा, 'तुमने मुझे बरबाद होने से बचा लिया। यह लो तुम्हारा इनाम।' इतना कह कर दुकानदार ने कुछ रूपए मैरी को देने चाहे।

'यह तो मेरा फर्ज था। मैं मेहनत से धन कमाना चाहती हूं। इस तरह नहीं।' कह कर मैरी जाने को हुई।

दुकानदार सोचने लगा कि मैंने इसे बुरा-भला कहा, फिर भी इसने ईमानदारी दिखाई। गरीब है मगर पैसे लेने से इंकार कर रही है। उन्होंने उसे रूकने को कहा। फिर मैरी के पास जा कर बोले, 'मुझे माफ कर दो बेटी, मैंने तुम्हारी गरीबी का मजाक उड़ाया। तुम यह इनाम न लेना चाहो न लो कोई बात नहीं। मुझे तुम जैसी एक ईमानदार सहायक की जरूरत है। क्या तुम कल से इस दुकान में नौकरी करोगी?'

मैरी की आंखें भर आईं। सिर हिला कर वह चलने को हुई तो दुकानदार ने उसके कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम अपना उपहार भूल गई। यह लो सांता क्लॉज और एक हजार रूपए मिठाई खाने और कपड़े खरीदने के लिए।'

वह कुछ बोल पाती, इससे पहले ही दुकानदार बोले, 'यह इनाम नहीं है। यह तो मेरी ओर से तुम्हें क्रिसमस का उपहार है जैसे एक पिता अपनी प्यारी बेटी को देता है।'

मैरी की आंखों से आंसू गिर पड़े। दुकानदार की आंखें भी नम थीं। (उर्वशी)

## होमवर्क

हेमंत यादव

डब्बू कभी भी अपना होमवर्क पूरा करके स्कूल नहीं जाता था। होमवर्क पूरा न करने के कारण स्कूल में उसे रोज डांट सुननी पड़ती थी और मार भी खानी पड़ती थी लेकिन वह अपनी आदत नहीं सुधारता था।

मां जब उसे समझाती तो वह कहता, 'दूसरे बच्चे भी तो होमवर्क पूरा करके नहीं लाते तो मैं ही क्यों ले जाऊं?'

एक बार की बात है, डब्बू को स्कूल में होमवर्क दे कर क्लास टीचर गोलू सियार ने सख्त हिदायत देते हुए कहा, 'अगर तुम कल होमवर्क पूरा करके नहीं लाये तो तुम्हें दिनभर मुर्गा बना कर धूप में छोड़ दूंगा।'

डब्बू को मुर्गा बनने से बहुत डर लगता था, उसने ठान लिया कि चाहे कुछ हो जाए। कल वह होमवर्क पूरा करके जरूर जाएगा।

घर आकर उसने हल्का नाश्ता किया और तुरंत होमवर्क करने बैठ गया। आज वह खेलने नहीं गया।

उसे होमवर्क करते देख मां को बहुत हैरानी हुई और खुशी भी। मां को एक जरूरी काम से उसे बाजार भेजना था लेकिन उन्होंने पढ़ने से नहीं उठाया, अच्छा ही है कि वह अपना होमवर्क पूरा कर रहा है माँ ने सोचा, 'मैं खुद जाकर बाजार से सामान ले आती हूं।'

यह सोचकर मां ने डब्बू से कहा, 'मैं सामान लाने जा रही हूं,घर का भी ध्यान रखना।'

डब्बू होमवर्क करने में मग्न था। तभी वहां उसके दोस्त भोलू भालू, छोटू हाथी, चंपू चूहा आए। डब्बू को होमवर्क करते देख तीनों एक साथ बोले, 'तुम यहां बैठकर होमवर्क पूरा कर रहे हो और वहां हम मैदान में बैठकर तुम्हारा कब से इंतजार कर रहे थे। आज खेलने नहीं चलोगे क्या?'

'नहीं यार, मुझे अपना होमवर्क पूरा करना है,' डब्बू ने जवाब दिया, 'तुम लोग जाओ'।

'तुम होमवर्क क्यों कर रहे हो?' चंपू बोला।

'अगर होमवर्क पूरा नहीं करूंगा तो टीचर मुझे मुर्गा बना देंगे।'

'कैसे बना देंगे,'-छोटू हाथी ने अकड़ते हुए कहा, 'अगर उन्होंने तुम्हें मुर्गा बनाने की कोशिश की तो हम लोग उसका विरोध करेंगे।'

'हां, विरोध करेंगे,' भोलू और चंपू ने भी समर्थन किया।

दोस्तों की बातों में आ कर उसका मन डोल गया। उसने कुछ सोचते हुए कहा, 'ठीक है, तुम लोग जाओ। मैं पीछे से आता हूं। मां बाजार गई है मां के आते ही मैं वहां आ जाऊंगा।'

तीनों चले गए। डब्बू ने होमवर्क करना छोड़ दिया। कुछ ही देर में उसकी मां बाजार से लौट आई, 'मां, मैं खेलने जा रहा हूं।' उसने कहा।

'लगता है तुमने अपना होमवर्क पूरा कर लिया।' मां खुश हो कर बोली।

'अभी पूरा नहीं किया। खेलकर आने के बाद पूरा कर लूंगा।' उसने कहा।

'बेटा, काम अधूरा छोड़ना अच्छी बात नहीं है,' मां ने उसे समझाने की कोशिश की, 'अपना होमवर्क पूरा करके खेलने जाओ।'

लेकिन मां की बात अनुसनी करके वह खेलने चल दिया।

होमवर्क पूरा करके न जाने के कारण अगले दिन टीचर उस पर बहुत नाराज हुए। उन्होंने गुस्से में आ कर उसे मुर्गा बना दिया।

डब्बू के दोस्त उसकी कोई मदद नहीं कर सके जबकि उन्होंने कल कहा था कि अगर टीचर ने तुम्हें मुर्गा बनाने की कोशिश की तो हम विरोध करेंगे। उसे अपने दोस्तों पर बहुत गुस्सा आया।

एक घंटे तक मुर्गा बनाने के बाद टीचर ने उसे माफ कर दिया। उन्होंने पूछा, 'तुमने अपना होमवर्क पूरा क्यों नहीं किया था। क्या किसी जरूरी काम में उलझ गए थे?' तब डब्बू ने उन्हें दोस्तों के बारे में बताया।

टीचर ने कहा, 'दूसरे की सिखाई गलत सीख दीवार बन कर रास्ता रोकती है। तुम्हें दूसरे के प्रति नहीं, स्वयं के प्रति उत्तरदायी होना सीखना चाहिए। इससे तुम्हारे कर्मठ जीवन की नींव खड़ी होगी। याद रखो, इसी से तुम जीवन में सफलता पा सकोगे।' (उर्वशी)

## पीलू गया शहर

अनिल शर्मा 'अनिल'

एक था पीलू ततैया। वह लालची था उसे जब भी कुछ खाने की चीज दिखायी देती वह उस पर टूट पड़ता।

एक दिन उड़ते-उड़ते पीलू ततैया शहर जा पहुंचा। वह मंडी में गुड़ के बड़े-बड़े ढेर लगे थे। उन पर बहुत से ततैये बैठे मजे से गुड़ का स्वाद ले रहे थे।

पीलू भी वही एक ढेर पर जा बैठी। गुड़ खाने के चक्कर में उसे ध्यान ही रहा कि अब दिन छिपने वाला है।

वहां बैठे सभी ततैये तो अपने-अपने छत्तों की ओर उड़ चले। बस पीलू आंख मीचे गुड़ खाने में लगा रहा।

सेठ जी के नौकर ने दुकान बन्द करने की तैयारी शुरू कर दी। उसने गुड़ के बोरी में भरा तो पीलू उसी बोरे में बंद हो गया।

उधर पीलू के पापा नीटू ततैये और उसकी मम्मी टिन्नी ततैये ने सारे जंगल में पीलू को आवाज लगाई पीलू उ उ ओ पीलू उ उ पीलू बेटा....।



किंतु पीलू नहीं मिला। मिलता भी भला कैसे? वो तो सेठ जी की दुकान पर गुड़ के बोरे में बंद था। नीटू और टिन्नी सारी रात पीलू के न मिलने की वजह से परेशान रहे। उन्होंने अगली सुबह फिर पीलू की तलाश शुरू की।

उन दोनों को परेशान देख सीलू बंदर ने पूछा-क्या बात हैं नीटू-टिन्नी, तुम परेशान क्यों हो?

हमारा पीलू बेटा नहीं मिल रहा, सीलू भैया, दोनों ने एक साथ कहा।

सीलू बंदर बोला-कल मैंने उसे शहर की तरफ जाते देखा था। हो सकता है शहर में ही कहीं हो। तुम उसे शहर जाकर ढूंढना।

नीटू ततैया और टिन्नी ततैन शहर की ओर उड़ चले। मंडी में उन्हें एक गुड़ का ढेर के पास पीलू रोता हुआ मिला।

क्या हुआ बेटा? उन्होंने पूछा।

मेरी एक टांग टूट गयी है मां, रोते हुए पीलू बोला, रात मैं गुड़ के बोरे में बंद हो गया था मां, सारी रात बाहर निकलने की कोशिश की पर निकल न सका।

सुबह सेठ जी के नौकर ने गुड़ की बोरी पटड़ी पर पलटी तो गुड़ गिरने से मेरी टांग टूट गयी। ओह मां, बहुत दर्द है।

नीटू और टिन्नी ने पीलू को उठा लिया। जंगल ले जाकर उसे चिन्नी चिड़िया के अस्पताल में भरती करा दिया।

चिन्नी ने उसकी टांग पर प्लास्टर चढ़ा दिया। नर्स मुनमुन मैना ने पीलू को समझाया, पीलू तुम शहर जाकर गुड़ का लालच न करते तो तुम्हारी टांग नहीं टूटती और तुम्हें अस्पताल नहीं आना पड़ता।

हां, सिस्टर मुनमुन, गलती मेरी थी। मैंने लालच किया। अब लालच नहीं करूंगा। पीलू ने वादा किया।

एक महीने बाद पीलू का प्लास्टर काटा गया। अब पीलू ने लालच करना छोड़ दिया। (उर्वशी)

# ‘जी राम जी विधेयक’ लोकसभा में पेश, विपक्ष ने महात्मा गांधी का नाम हटाने का किया विरोध

**नयी दिल्ली :** सरकार ने विपक्ष के कड़े विरोध के बीच मंगलवार को लोकसभा में ‘विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025’ पेश किया, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लेगा। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हंगामे के बीच ‘विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)’ यानी ‘जी राम जी’ विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि इसके नाम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को हटाना उनका अपमान है। उन्होंने मांग की कि या तो विधेयक वापस लिया जाए या फिर इसे संसदीय समिति के पास भेजा जाए। विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन भी किया। चौहान ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए पूछा कि जब जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला गया था, तो क्या वह पंडित जवाहरलाल नेहरू का अपमान था। मंत्री ने बताया कि सरकार अब तक मनरेगा पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है और नए विधेयक में 125 दिन के रोजगार की गारंटी के लिए 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि यह विधेयक रोजगार के कानूनी अधिकार को कमजोर करता है। उन्होंने आरोप



विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया

## महात्मा गांधी मेरे परिवार के नहीं थे, लेकिन मेरे परिवार जैसे हैं: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि महात्मा गांधी उनके परिवार के नहीं थे, लेकिन उनके परिवार जैसे ही हैं तथा पूरे देश की भावना भी यही है। उन्होंने सदन में ‘विकसित भारत- जी राम जी विधेयक, 2025’ को पेश किए जाने का विरोध करने के दौरान यह टिप्पणी की। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य जब इस विधेयक में महात्मा गांधी का नाम नहीं होने को लेकर सरकार की आलोचना कर रही थीं तो सत्तापक्ष के किसी सदस्य ने कहा कि ‘‘महात्मा गांधी आपके परिवार के नहीं थे।’’ इस पर प्रियंका गांधी ने कहा, ‘‘हां, महात्मा गांधी मेरे परिवार के नहीं थे, लेकिन मेरे परिवार जैसे ही हैं। यही भावना पूरे देश की है।’’

# न्यूज इन ब्रीफ

## कांग्रेस ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए व्हिप जारी किया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए व्हिप जारी कर उनसे अगले तीन दिन सदन में उपस्थित रहने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने अपने लोकसभा सदस्यों से कहा है कि वे बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को सदन में उपस्थित रहें। कांग्रेस ने अपने लोकसभा सदस्यों को ऐसे समय व्हिप जारी किया है, जब माना जा रहा है कि सरकार संसद के शीतकालीन सत्र के इस आखिरी सप्ताह में ‘भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025’ और ‘विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025’ सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए ला सकती है।

## कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बाधित हुआ, 126 उड़ानें रद्द

**मुंबई :** दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खराब दृश्यता के कारण अब तक 49 प्रस्थान और 77 आगमन उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। इसी बीच, संकटग्रस्त इंडिगो ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण हुई बाधाओं के चलते उसने अपने नेटवर्क की 110 उड़ानें रद्द कर दी हैं। इंडिगो ने ’एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा कि जैसे-जैसे सर्दी का मौसम शुरू हो रहा है, उत्तर भारत में सुबह-सुबह कोहरा छा सकता है, जिससे कभी-कभी उड़ानों की आवाजाही धीमी हो सकती है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण हुई बाधाओं के चलते उसने मंगलवार को 110 उड़ानें रद्द कर दीं। इंडिगो ने कहा, हमारी टीम पूरी तरह से तैयार हैं और मौसम की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं।

## असम में 105 एकड़ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान शुरू

**गुवाहाटी :** असम के नगांव जिले में 105.18 एकड़ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए मंगलवार को बेदखली अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ढिंग राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सलनाबोरी, टुकटुकी, भेरबेरी बील, अहोम गांव, रौमारी बील, मोइराधज कटागुरी, अकारबारी और मागुरमारी बील में अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के अभियान के लिए 250 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। नगांव जिले के आयुक्त देवाशीष शर्मा ने बताया कि जलाशयों के किनारे अतिक्रमण के कारण, लगभग 15 राजस्व गांवों की स्थानीय आबादी पिछले कई वर्षों से कृत्रिम बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मछली पालन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अवैध तालाबों का प्रबंधन करने वाले लगभग 200 परिवार पहले ही इलाका छोड़ चुके हैं, क्योंकि जिले के अन्य हिस्सों में उनके अपने आवास हैं।

## राशन कार्ड के लिए ई-केवाईसी अभियान 85.6 प्रतिशत पूरा : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि राशन कार्ड के लिए ई-केवाईसी अभियान 2023 में शुरू किया गया था और अब तक पूरे देश में 85.6 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है तथा 99 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी अब आधार से जुड़े हुए हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राशन कार्डों के ई-केवाईसी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने बताया, ‘‘पूरे देश में, 99.9 प्रतिशत राशन कार्ड अब आधार से जुड़े हुए हैं और 99.2 प्रतिशत लाभार्थी भी आधार से जुड़े हुए हैं। मई 2023 में शुरू हुआ राशन कार्ड ई-केवाईसी अभियान 85.6 प्रतिशत पूरा हो चुका है।’’

# 2019 से अब तक 7.5 करोड़ यात्रियों की पहली पसंद बनी वंदे भारत एक्सप्रेस

**नयी दिल्ली :** फरवरी 2019 में शुरू हुई भारतीय रेलवे की वंदे भारत एक्सप्रेस ने देश में रेल यात्रा की तस्वीर बदल दी है। तेज़ रफ्तार, उच्च सुरक्षा मानकों और आधुनिक सुविधाओं के कारण यह ट्रेन यात्रियों की पहली पसंद बनती जा रही है। अब तक 7.5 करोड़ से अधिक यात्री वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर चुके हैं। वर्तमान में देशभर में 164 वंदे भारत ट्रेन सेवाएँ संचालित हो रही हैं, जो 274 जिलों को आपस में जोड़ते हुए क्षेत्रीय संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा दे रही हैं। ‘मेक इन इंडिया’ पहल के तहत निर्मित वंदे भारत ट्रेनसेट स्वचालित प्लग डोर्स, घूमने वाली आरामदायक सीटें, बायो-वैक्यूम शौचालय, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली और सीसीटीवी निगरानी जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। ये सुविधाएँ यात्रियों को सुरक्षित और विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करती हैं। दिल्ली-वाराणसी, श्रीनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा और बेंगलुरु-हैदराबाद जैसे मार्गों पर वंदे भारत सेवाओं ने धार्मिक, व्यावसायिक और पर्यटन यात्राओं को आसान बनाया है। वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल समय की बचत करती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प भी उपलब्ध कराती है। भविष्य में प्रस्तावित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा को और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगी।

## गोवा नाइटक्लब अग्निकांड: लूथरा बंधु थाईलैंड से प्रत्यर्पित, गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** गोवा के ‘बर्च बाय रोमियो लेन’ नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद मंगलवार को दिल्ली पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दो दिन की ‘ट्रांजिट रिमांड’ पर रखा गया है ताकि उन्हें गोवा की अदालत में पेश किया जा सके। नाइटक्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। उत्तरी गोवा के अरपोरा में ‘बर्च बाय रोमियो लेन’ नाइटक्लब में आग लगने के 10 दिन बाद, दोनों भाई इंडिगो की उड़ान से दिल्ली लाए गए और उन्हें आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए तुरंत अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। गोवा पुलिस के मुताबिक, लूथरा बंधुओं को बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे दिल्ली से गोवा लाया जाएगा। गौरव और सौरभ अपने नाइटक्लब में आग लगने के कुछ घंटों बाद फुकेत भाग गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच, गौरव (44) और सौरभ (40) को पटियाला हाउस अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला के समक्ष पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गोवा पुलिस को लूथरा बंधुओं की दो दिन की ‘ट्रांजिट रिमांड’ प्रदान की। गोवा पुलिस के जांच अधिकारी ने तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड का अनुरोध किया और अदालत को सूचित किया कि उन्हें जल्द से जल्द उड़ान से गोवा ले जाया जाएगा।

## वर्ष 1971 के युद्ध में निर्णायक जीत दिलाने वाले सशस्त्र बलों को राष्ट्र नमन करता है: राजनाथ सिंह

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर वीरों को सलाम किया और कहा कि 1971 के युद्ध में निर्णायक जीत दिलाने वाले भारतीय सशस्त्र बलों को राष्ट्र गर्व और कृतज्ञता से नमन करता है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह, नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वत्सयान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत की याद में देश 16 दिसंबर को ’विजय दिवस’ के रूप में मनाता है। रक्षा मंत्री ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, विजय दिवस पर, राष्ट्र 1971 की निर्णायक विजय दिलाने वाले भारतीय सशस्त्र बलों को गर्व और कृतज्ञता से नमन करता है। सेना, नौसेना और वायु सेना ने शानदार समन्वय के साथ कार्य किया, इतिहास को नया रूप दिया और भारत के रणनीतिक संकल्प को मजबूत किया। उनकी वीरता, अनुशासन और युद्ध लड़ने की भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी और हमारी राष्ट्रीय इच्छाशक्ति को मजबूत करेगी।




## छत्तीसगढ़ में 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को 34 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 26 पर सामूहिक रूप से 84 लाख रुपये का इनाम था। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) जितेंद्र यादव ने बताया कि सात महिलाओं सहित 34 नक्सलियों ने यहां वरिष्ठ पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि यह नक्सली माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, तेलंगाना राज्य कमेटी और आंध्र ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले प्रमुख नक्सलियों में पांडू पुनेम (45), रुकनी हेमला (25), देवा उइका (22), रामलाल पोयम (27) और मोटू पुनेम (21) शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि पुनर्वास नीति के तहत, आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण और अन्य सुविधाओं के साथ-साथ 50 हजार रुपये की तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को हिंसा छोड़ने के लिए आकर्षित कर रही है। यादव ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों नक्सलियों के परिवार भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जिएं और समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें।

## इंडिगो उड़ान संकट: यात्रियों को मुआवजा देने के निर्देश को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें केंद्र सरकार और इंडिगो एयरलाइन को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे उन सभी यात्रियों को टिकट की पूरी कीमत का चार गुना मुआवजा दें जिनके टिकट नवंबर और दिसंबर के दौरान नयी उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) के लागू होने के बाद रद्द कर दिये गए थे। इस जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष होगी। इस याचिका में संकट को उत्पन्न करने में नागरिक उड्डयन निदेशालय (डीजीसीए) की लापरवाही और चूक की पहचान करने के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश या लोकपाल द्वारा जांच का भी अनुरोध किया गया है। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय और उपभोक्ता मामलों के विभाग को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत इंडिगो के खिलाफ ‘‘सामूहिक मुकदमा’’ (क्लास एक्शन सूट) शुरू करने का निर्देश दिया जाए, ताकि पिछले कुछ दिनों में इस संकट के कारण यात्रियों को हुई परेशानी और नुकसान की भरपाई की जा सके।

## नेशनल हेराल्ड मामला: गांधी परिवार के खिलाफ ईडी के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से अदालत का इनकार

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पांच अन्य लोगों को राहत देते हुए, दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए धनशोधन के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा इस मामले में दाखिल आरोप-पत्र एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर की गई जांच पर आधारित है, न कि किसी मूल अपराध से संबंधित प्राथमिकी पर। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि कानून के तहत इस पर संज्ञान लेना स्वीकार्य नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी की शिकायत निजी व्यक्ति सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत की जांच पर आधारित थी, न कि किसी मूल अपराध की प्राथमिकी पर। न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर चुकी है इसलिए ऐसे में गुण-दोष के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय के तर्कों पर विचार करना अभी जल्दबाजी होगी। अदालत ने कहा, ‘‘अन्य तर्क संभवतः भविष्य में फिर से सामने आएंगे।’’

### ईडी सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ नए सिरे से आरोप पत्र दाखिल करेगी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई नवीनतम प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ-साथ अन्य लोगों के खिलाफ नया आरोप पत्र दाखिल करेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की कोशिश के 1,100 मामले, 2500 से अधिक गिरफ्तारियां: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार द्वारा मंगलवार को लोकसभा में दिये गए आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से नवंबर 2025 के बीच भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की सबसे ज्यादा कोशिशें हुईं, जिनकी संख्या 1,100 रही और 2,500 से अधिक गिरफ्तारियां हुईं। सरकार ने कहा कि इसके अलावा, बांग्लादेश के साथ लगी 79.08 प्रतिशत और पाकिस्तान के साथ लगी 93.25 प्रतिशत सीमा पर बाड़ लगाई जा चुकी है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान और म्यांमा के साथ भारतीय सीमाओं पर घुसपैठ की कोशिशों और घुसपैठियों की गिरफ्तारी के आंकड़े दिए। आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 के पहले 11 महीनों के दौरान भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की 1,104 कोशिशें नाकाम की गईं, जबकि इसी अवधि में 2,556 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया, जो सभी सीमाओं पर सबसे ज्यादा है। मंत्री ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ का कोई मामला सामने नहीं आया। राय ने कहा कि 2014 से, भारत की सीमाओं पर 8,500 से ज़्यादा घुसपैठ की कोशिशें होने के मामले सामने आए हैं, जबकि 20,800 से ज़्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर भी 9.21 किमी की बाड़बंदी पूरी हो गई है।

## आरेडिका में परिवार नियोजन शिविर का सफल आयोजन

**रायबरेली :** समाज में परिवार नियोजन के महत्व को देखते हुए आरेडिका चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय, रायबरेली के संयुक्त सहयोग से आज परिवार नियोजन शिविर एवं लेप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टॉमी (ट्यूबल लिगेशन) / वर्सेक्टॉमी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। शिविर में सर्जरी से पूर्व पुरुषों एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुल पांच लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें एक पुरुष ने वर्सेक्टॉमी तथा चार महिलाओं ने ट्यूबेक्टॉमी प्रक्रिया कराई। यह पहल इस बात का स्पष्ट संकेत है कि परिवार नियोजन केवल महिलाओं की नहीं, बल्कि पुरुषों की भी समान जिम्मेदारी है। लेप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टॉमी और वर्सेक्टॉमी सुरक्षित, सरल एवं स्थायी परिवार नियोजन उपाय हैं, जिनके बाद सामान्य जीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। शिविर का संचालन जिला चिकित्सालय रायबरेली के सर्जन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, सीएचसी लालगंज की चिकित्साधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह एवं उनकी टीम द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहित करना रहा। आरेडिका चिकित्सालय भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## स्वच्छ रेल परिचालन की दिशा में बड़ी उपलब्धि, 2,626 स्टेशन सौर ऊर्जा से संचालित

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर के 2,626 रेलवे स्टेशनों को सौर ऊर्जा से संचालित कर दिया है। यह पहल ऊर्जा लागत में कमी लाने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल और सतत रेल परिचालन को बढ़ावा दे रही है। चालू वित्तीय वर्ष में नवंबर तक 318 नए रेलवे स्टेशनों को सौर ऊर्जा नेटवर्क से जोड़ा गया, जिससे इस अभियान को और गति मिली है।नवंबर 2025 तक भारतीय रेलवे ने कुल 898 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित कर ली है। वर्ष 2014 में यह क्षमता केवल 3.68 मेगावाट थी, जो स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में लगभग 244 गुना वृद्धि को दर्शाती है। कुल स्थापित क्षमता में से 629 मेगावाट सौर ऊर्जा का उपयोग ट्रैक्शन उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, जिससे विद्युत ट्रेनों के संचालन को सीधा लाभ मिल रहा है। शेष 269 मेगावाट ऊर्जा का उपयोग स्टेशन प्रकाश व्यवस्था, कार्यशालाओं, सेवा भवनों और रेलवे आवासों में किया जा रहा है।स्टेशनों, भवनों और रेलवे भूमि पर स्थापित सौर संयंत्र पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता घटा रहे हैं और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ कर रहे हैं। ये प्रयास डी-कार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को समर्थन देने के साथ 2030 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने की दिशा में भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करते हैं।

## तीन राज्यों, दो केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर: मसौदा मतदाता सूची से एक करोड़ से अधिक मतदाता बाहर

**नयी दिल्ली :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मंगलवार को प्रकाशित तीन राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूची में 12.32 करोड़ मतदाताओं के नाम पाए गए हैं, जबकि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची में 13.36 करोड़ लोग शामिल थे। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची में उन नए मतदाताओं के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भरा था। पश्चिम बंगाल में, 27 अक्टूबर तक 7.66 करोड़ मतदाताओं में से 7.08 करोड़ मतदाताओं को मसौदा मतदाता सूची में शामिल किया गया, यानी 58 लाख का अंतर है। आयोग के अधिकारियों ने कहा कि जिन मतदाताओं ने गणना प्रपत्र वापस नहीं किए, उन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत/दो जगह मतदाता (एएसडी) वाली श्रेणी में शामिल किया गया है। उनके नाम सूची से नहीं हटाए गए हैं और अगले साल फरवरी में अंतिम सूची प्रकाशित होने से पहले संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी इस संबंध में निर्णय लेंगे। राजस्थान में 5.48 करोड़ मतदाताओं में से 5.04 करोड़ मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुका है और 44 लाख मतदाताओं को एएसडी श्रेणी में शामिल किया गया है। गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख को मसौदा मतदाता सूची में शामिल किया गया है, जबकि अन्य 1.01 लाख एएसडी श्रेणी में हैं। पुडुचेरी में 10.21 लाख मतदाताओं में से 9.18 लाख मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, यानी 1.03 लाख की कमी आई है। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में 27 अक्टूबर तक 58,000 मतदाता थे और इनमें से 56,384 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर को 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर (एसआईआर) की घोषणा की थी, लेकिन बाद में विभिन्न राज्यों के लिए समयसीमा में संशोधन किया था।

## इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छह लोग 48 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ के साथ धरे गये

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने तस्करी कर 48 करोड़ रुपये मूल्य का नशीला पदार्थों देश में लाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार 11 दिसंबर को बैंकाक से पहुंचने पर इन आरोपियों को पकड़ा गया। बयान के मुताबिक आरोपियों के सामान की गहन तलाशी करने पर, दो भूरे, एक हरे और एक नीले रंग के ट्रॉली बैग में छिपाए गए 24 पॉलीथीन पाउच बरामद किए गए। बयान में कहा गया है, ‘‘ इन थैलियों में हरे रंग का मादक पदार्थ था, जिसके गांजा/मारिजुआना होने का संदेह है। इसका कुल वजन 48.016 किलोग्राम था।’’ बयान में कहा गया है, ‘‘प्रारंभिक जांच से पता चला कि यह गांजा/मारिजुआना है।’’

## बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के प्रावधान वाला विधेयक लोकसभा में पारित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रावधान वाले विधेयक को मंगलवार को मंजूरी दे दी। विधेयक पर चर्चा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए ‘सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025’ को ध्वनि मत से स्वीकृति दे दी। इससे पहले, विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि बीमा विधेयक में अब तक 12 बार संशोधन हो चुका है तथा संशोधन भी कई तरह के होते हैं और ये देश की तरक्की एवं बीमा क्षेत्र की जरूरतों को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आम लोगों और किसानों की सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन बीमा कंपनियों की बेहतरी के लिए 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए और इस तरह के कदम से इनकी स्थिति में काफी सुधार हुआ है। सीतारमण ने कुछ विपक्षी सदस्यों के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि प्रीमियम की राशि विदेशी कंपनियों के पास जाएगी। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र को खोलने से बेहतर प्रौद्योगिकी और बेहतर उत्पाद सुनिश्चित किया जा सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से 12 करोड़ परिवारों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि विधेयक से बीमा एजेंट को भी मदद मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि विधेयक के कानून का रूप लेने पर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को अधिक स्वायत्तता मिलेगी तथा उसे फायदा होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक का मसौदा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझा किया गया था।



## गोताखोरी में सहायक जहाज डीएससी ए20 नौसेना में शामिल

**कोच्चि :** गोताखोरी में सहायक जहाज डीएससी ए20 को मंगलवार को नौसेना में शामिल किया गया। इसके माध्यम से भारतीय नौसेना की गोताखोरी और जलीय क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि इस जहाज को कोच्चि नौसेना अड्डे पर एक समारोह में सेवा में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नौसेना की दक्षिणी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की। यह इस साल सेवा में शामिल किया जाने वाला 11वां जहाज है, जो देश की जहाज निर्माण क्षमता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। समारोह की शुरुआत डीएससी ए20 के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर हेमंत सिंह चौहान द्वारा सेवा में शामिल करने के आदेश को पढ़ने के साथ हुयी और इसके बाद नौसेना ध्वज फहराया गया। सक्सेना ने इस जहाज की भूमिका को भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण और स्वदेशी डिजाइन, निर्माण के साथ आत्मनिर्भर भारत का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। यह उन्नत मंच भारतीय नौसेना, स्वदेशी जहाज-निर्माण उद्योग और राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों के बीच सुचारु एवं परिणामोन्मुख सहयोग का प्रतीक बन गया है। इस जहाज के शामिल होने से भारतीय नौसेना की गोताखोरी सहायता, जल के भीतर निरीक्षण, बचाव अभियानों और तटीय क्षेत्रों में परिचालन तैनाती की क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।



## न्यूज ब्रीफ

### कुंबले, श्रीनाथ, जोशी, भारद्वाज केएससीए क्रिकेट सलाहकार समिति में शामिल

**बेंगलुरु:** भारत के पूर्व स्टार खिलाड़ी अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, सुनील जोशी और विजय भारद्वाज को राज्य भर में क्रिकेट के स्तर को बेहतर बनाने के लिए केएससीए (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) द्वारा गठित क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) में शामिल किया गया है। अनुभवी प्रशासक जयश्री दुरइस्वामी भी सीएसी का हिस्सा हैं। सीएसी ने अपनी पहली बैठक में विभिन्न राज्य टीमों के मौजूदा कोचिंग और चयन पैनलों में कई बदलावों की सिफारिश की। केएससीए के नव नियुक्त आधिकारिक प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, ''क्रिकेट सलाहकार समिति ने अपनी पहली बैठक में मौजूदा सत्र के लिए चयन पैनलों के लिए सिफारिशें कीं। इन सिफारिशों को प्रबंध समिति ने विधिवत मंजूरी दे दी है।'' पूर्व बल्लेबाज अमित वर्मा राज्य की सीनियर और अंडर 23 टीमों के मुख्य चयनकर्ता होंगे। उनके साथ एस प्रकाश, तेजपाल कोठारी और सुनील राजू चयन समिति के सदस्य होंगे।

### भारत ने पहले एससीओ युवा डेल्फिक खेलों के लिए 57 सदस्यीय दल भेजा

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय पाइथियन परिषद (आईपीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि 57 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। किर्गिस्तान के बिश्केक में 23 से 28 मार्च तक होने वाला यह आयोजन वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति में एक महत्व-पूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारतीय इतिहास में पहली बार कलाकारों की राष्ट्रीय टीम आधुनिक पाइथियन खेलों के बैनर तले किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। ओलंपिक जैसे प्रमुख खेल आयोजनों की तर्ज पर इस 57 सदस्यीय दल को विशिष्ट श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करना होगा।

# केकेआर ने ग्रीन-पथिराना पर लुटाया खजाना

## आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हुए कैमरून ग्रीन

- **सीएसके का युवा प्रशांत-कार्तिक पर बड़ा भरोसा**



**अबूधाबी:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की खिलाड़ियों की नीलामी में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं। केकेआर ने ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड **25.20 करोड़** रुपये में खरीदा, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड मिशेल स्टार्क (24.75 करोड़) के नाम था। केकेआर ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना पर भी 18 करोड़ रुपये खर्च किए, जो किसी श्रीलंकाई खिलाड़ी के लिए अब तक की सबसे बड़ी बोली है। नीलामी में अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली। सीएसके ने उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर प्रशांत वीर और राजस्थान के विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। 30 लाख रुपये के आधार मूल्य से शुरू होकर दोनों आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने। दिल्ली कैपिटल्स ने जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी दार को 8.40 करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा। शुरुआती दौर में पृथ्वी साव और सरफराज खान को खरीदार नहीं मिला, लेकिन दूसरे चरण में सीएसके ने सरफराज को 75 लाख रुपये में और दिल्ली कैपिटल्स ने साव को इतनी ही रकम में अपने साथ जोड़ लिया। घरेलू क्रिकेट में दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं। दिल्ली ने न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन को भी अंतिम क्षणों में दो करोड़ रुपये में खरीदा। केकेआर और सीएसके के बीच ग्रीन के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, जिसमें अंततः केकेआर बाजी मार गया। केकेआर के प्रबंध निदेशक वेंकी मैसूर ने कहा कि ग्रीन टीम को बल्ले और गेंद दोनों से मजबूती देंगे। ग्रीन ने भी केकेआर से जुड़ने पर उत्साह जताते हुए ईडन गार्डन्स में खेलने को सौभाग्य बताया। अन्य सौदों में केकेआर ने बांग्लादेश के मुस्ताफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ में, आरसीबी ने मध्य प्रदेश के युवा तेज गेंदबाज मंगेश यादव को 5.20 करोड़ में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने लियाम लिविंगस्टोन (13 करोड़), लखनऊ सुपर जायंट्स ने जोश इंग्लिस (8.60 करोड़) और पंजाब किंग्स ने कूपर कॉनॉली (3 करोड़) को टीम में शामिल किया। इस मिनी नीलामी में कुल 359 खिलाड़ियों में से 77 खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी ने खरीदा।

### आईपीएल 26 मार्च से 31 मई के बीच होगा

**मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र 26 मार्च से 31 मई की विंडो (टूर्नामेंट के लिए निर्धारित समय) के बीच होगा लेकिन यह देखना होगा है कि क्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने घरेलू मैदान बेंगलुरु में टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी कर पाएगा या नहीं। नियमों के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को टूर्नामेंट के पहले मैच की मेजबानी का मौका मिलना चाहिए क्योंकि घरेलू टीम आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था।

## मेस्सी ने जामनगर के वन्य जीव संरक्षण केंद्र वनतारा का दौरा किया

**जामनगर:** वैश्विक फुटबॉल के सबसे बड़े दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने मंगलवार को जामनगर स्थित वन्य जीव कल्याण, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का दौरा कर पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग लिया और अनंत अंबानी द्वारा स्थापित इस केंद्र में संरक्षण टीमों के साथ बातचीत की। मेस्सी ने वनतारा संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का अवलोकन किया, जहां बचाए गए बड़े वन्य जीवों जैसे शेर, बाघ, तेंदुआ, हाथी, शाकाहारी पशु, सरीसृप और संरक्षण में रखे गए अन्य जानवरों की देखभाल की जाती है। उन्होंने देखभाल करने वालों और पशु चिकित्सा कर्मचारियों के साथ बातचीत की और विशेष चिकित्सा देखभाल, पोषण और पुनर्वास प्रोटोकॉल सहित पशु कल्याण प्रथाओं के बारे में जानकारी ली। यहां जारी विज्ञप्ति में मेस्सी के हवाले कहा गया, 'वनतारा जो काम करता है वह वास्तव में शानदार है। जानवरों के लिए किया गया काम, उन्हें मिलने वाली देखभाल, जिस तरह से उन्हें बचाया और पाला जाता है वह वास्तव में प्रभावशाली है।' उन्होंने कहा, 'हमने यहां बहुत अच्छा समय बिताया, पूरे समय खुद को सहज महसूस किया और यह एक ऐसा अनुभव है जो यादों में बस जाता है। हम निश्चित रूप से दोबारा आएंगे ताकि इस सार्थक कार्य को प्रेरित और समर्थन देना जारी रख सकें। मेस्सी ने सोमवार को अपनी बहुप्रतीक्षित 'जीओएटी इंडिया टूर' का समापन किया। दिल्ली दौरे के साथ उनका तीन दिवसीय भारत दौरा पूरा हुआ, जिसने प्रशंसकों को जीवन भर की यादें दे दीं। उनके दौरे की शुरुआत शनिवार को कोलकाता में अव्यवस्थित रही थी लेकिन इसके बाद हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का उनका दौरा बेहद सफल रहा।

# सूर्यकुमार पर दबाव, भारत की नजरें श्रृंखला जीत पर



**लखनऊ:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर बढ़ते दबाव के बीच भारत बुधवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सही संयोजन के साथ उतरकर पांच मैचों की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से मैदान में उतरेगा। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है। तीसरे मैच में 118 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यकुमार के पास लय हासिल करने का अच्छा मौका था, लेकिन वह सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए। कभी उनके दबदबे का प्रतीक रहे शॉट्स अब अनियमित नतीजे दे रहे हैं। हालांकि सूर्यकुमार ने खराब फॉर्म की बात से इनकार करते हुए कहा है कि वह नेट्स में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और रन जल्द आएंगे।

### सूर्यकुमार अकेले पांचों मैच जिता सकते हैं : शिवम दुबे

**लखनऊ:** हरफनमौला शिवम दुबे ने खराब फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव का बचाव करते हुए कहा कि भारत के टी20 कप्तान ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच जिता सकते हैं और सही समय पर फॉर्म में लौटेंगे। सूर्यकुमार ने आखिरी टी20 अर्धशतक अक्टूबर 2024 में लगाया था। विश्व कप में अब दो महीने से भी कम बाकी है लिहाजा उन पर दबाव बढता जा रहा है। दुबे ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 मैच से पहले कहा ,'वह ऐसा खिलाड़ी है जो अपने दम पर पांचों मैच जिता सकता है। अगर वह फॉर्म में नहीं है तो इसके यह मायने नहीं है कि वह अच्छा खिलाड़ी नहीं है।'

## भारत ने अंडर 19 एशिया कप में मलेशिया पर दर्ज की रिकॉर्ड जीत, 315 रन से रौंदा



**नई दिल्ली:** अभिज्ञान कुंडू के रिकॉर्ड नाबाद 209 रन और दीपेश देवेंद्रन के पांच विकेट की मदद से भारत ने अंडर 19 एशिया कप मैच में मंगलवार को मलेशिया को 315 रन से हराया। यह रनों के अंतर से युवा वनडे में भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में भारत ने युगांडा को 322 रन से हराया था।

### अभिज्ञान कुंडू ने रचा इतिहास

कुंडू युवा वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। उन्होंने अपनी पारी में 125 गेंदों का सामना करके 17 चौके और नौ छक्के लगाये जिसकी मदद से भारत ने सात विकेट पर 408 रन जोड़े। जवाब में दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज देवेंद्रन ने 22 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए मलेशियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। मलेशिया की टीम 32 . 1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई।

### वैभव सूर्यवंशी ने भी ठोकी तूफानी फिफ्टी

भारत के लिये वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 50 रन बनाये। उन्होंने यूएई के खिलाफ इसी टूर्नामेंट में 171 रन की पारी खेली थी। चौथे नंबर पर उतरे वेदांत त्रिवेदी और कुंडू ने चौथे विकेट के लिये 209 रन की साझेदारी की । कुंडू ने अपनी पारी में 55 सिंगल निकाले।

## ऐश्वर्य ने विश्व रिकॉर्ड के साथ थ्री पी में जीता स्वर्ण, गुरजोत ने स्कीट में लहराया परचम



**नयी दिल्ली / भोपाल:** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को 68वीं निशानेबाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी परिसर में आयोजित पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में 470.5 का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य का स्कोर मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 1.6 अंक अधिक है। दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में इसी के साथ आयोजित शॉटगन प्रतियोगिता में गुरजोत सिंह ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 55 निशाने लगाकर पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने नौ बार के राष्ट्रीय चैंपियन मेराज अहमद खान (54 निशाने) को मामूली अंतर से हराया। ऐश्वर्य ने शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग में 597 के अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की जो उन्होंने हाल ही में दोहा में संपन्न हुए आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में बनाया था। नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने 463.7 अंकों के साथ रजत पदक जीता और उत्तर प्रदेश के अखिल श्योरान ने 451.8 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन किरण अंकुश जाधव 440.0 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, उनके बाद पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल सुरेश कुसाले 429.7 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर और उनके साथी खिलाड़ी अर्जुन बाबूता 414.9 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। मोनू कुमार (403.2) और मानवेंद्र सिंह शेखावत (401.6) आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने में सफज रहे।



## बेरोजगारी दर नवंबर में घटकर सात माह के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली:** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है। यह इससे पहले अक्टूबर 2025 में 5.2 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर नए निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए इसके पिछले न्यूनतम स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार कुल मिलाकर रुझान श्रम बाजार की स्थितियों के मजबूत होने का संकेत देते हैं, जिन्हें ग्रामीण रोजगार में बढ़ोतरी, महिला भागीदारी में वृद्धि और शहरी श्रम मांग में क्रमिक सुधार का समर्थन मिला है। नवंबर 2025 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं, दोनों के लिए बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर नवंबर 2025 में घटकर 4.8 प्रतिशत रह गई, जो अक्टूबर 2025 में 5.4 प्रतिशत थी। यह गिरावट ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में महिला बेरोजगारी दर में कमी के कारण आई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.0 प्रतिशत से घटकर 3.4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 9.7 प्रतिशत से घटकर 9.3 प्रतिशत हो गई।

### सोनी लिव ने लॉन्च किया पहला बंगाली ओरिजिनल 'जैज़ सिटी'

**कोलकाता:** सोनी लिव ने पहली बार बंगाली ओरिजिनल कंटेंट के क्षेत्र में कदम रखते हुए अपनी नई वेब सीरीज़ **'जैज़ सिटी'** की घोषणा की है। कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित यह श्रृंखला संगीत, रहस्य और नैतिक द्वंद्व का अनोखा संगम प्रस्तुत करती है। 'जैज़ सिटी' का स्ट्रीमिंग 6 फरवरी से विशेष रूप से सोनी लिव पर शुरू होगा। धुंधली रोशनी वाले जैज़ क्लबों और शहर के अंधेरे कोनों में बुनी गई यह कहानी एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका अतीत रहस्यों से भरा है और जो अनजाने में सत्ता, धोखे और छिपी वफादारियों की दुनिया में फँस जाता है। इस सीरीज़ में विश्वास, मौन और ध्वनि कहानी को आगे बढ़ाते हैं। मुख्य भूमिका निभा रहे अरिफिन शुवो के अनुसार, 'जैज़ सिटी' में संगीत स्वयं एक भाषा है। निर्माता-निर्देशक सौमिक सेन ने कहा कि इस सीरीज़ में जैज़ और टैगोर का संगम कलकत्ता की आत्मा को जीवंत करता है। 'जैज़ सिटी' का निर्माण स्टूडियो 9 और स्टूडियोनेक्स्ट ने किया है।

### क्लियरट्रिप अनपैक्ड 2025: भारत का ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट कार्ड

**कोलकाता** : फ्लिपकार्ट ग्रुप की कंपनी क्लियरट्रिप ने 'क्लियरट्रिप अनपैक्ड 2025' जारी किया है, जिसमें यह बताया गया है कि भारतीयों ने इस साल कैसे यात्रा की, कहां ठहरे और छुट्टियां कैसे प्लान कीं। रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में ट्रैवल का सबसे बड़ा ट्रेंड जेन ज़ी यात्रियों का रहा, जिनकी संख्या में 650 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। दुबई, कुआलालंपुर और बैंकॉक जेन ज़ी के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन बने। डिजिटल भुगतान में भी इजाफा देखने को मिला। यूपीआई पेमेंट्स में 6 प्रतिशत और क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन्स में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि 66 प्रतिशत बुकिंग्स मोबाइल फोन के जरिए की गईं। उत्तर प्रदेश 2025 का सबसे अधिक घूमे जाने वाला राज्य बना, जहां प्रयागराज और बरेली के लिए स्टे सर्च में कई गुना वृद्धि हुई। वियतनाम उभरता हुआ इंटरनेशनल डेस्टिनेशन रहा, जबकि दिल्ली और बेंगलुरु टॉप सोलो ट्रैवल शहर बने। कैल्मकेशन, वर्केशन, डिजिटल डिटॉक्स और एडवेंचर ट्रैवल जैसे नए ट्रेंड्स ने भी खासा ध्यान खींचा। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ यात्रियों ने स्टे लगभग एक साल पहले बुक किया, वहीं 38 लाख फ्लाइट बुकिंग्स यात्रा से 48 घंटे पहले की गईं। सबसे सस्ती फ्लाइट 0 रुपये और सबसे सस्ता होटल 48 रुपये में बुक होना भारत में बदलती ट्रैवल आदतों को दर्शाता है।

# प्रधानमंत्री का अगले पांच वर्ष में भारत-जॉर्डन व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर करने का प्रस्ताव

- **प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए किया आमंत्रित**



**अम्मान:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-जॉर्डन द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्ष में दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने जॉर्डन की कंपनियों को देश की उच्च आर्थिक वृद्धि का लाभ उठाने और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी सोमवार को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचे थे। वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। जॉर्डन, प्रधानमंत्री की चार दिवसीय तीन देशों की यात्रा का पहला पड़ाव है। इसके बाद वह इथियोपिया और ओमान भी जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने यहां भारत-जॉर्डन व्यापार मंच को मंगलवार को संबोधित किया। इस सम्मेलन में युवराज हुसैन और जॉर्डन के व्यापार एवं उद्योग मंत्री तथा निवेश मंत्री भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने के महत्व को स्वीकार किया। साथ ही दोनों पक्षों के उद्योगपतियों से इस क्षमता एवं अवसरों को वृद्धि और समृद्धि में बदलने का आह्वान किया। किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा कि जॉर्डन के मुक्त व्यापार समझौतों और भारत की आर्थिक शक्ति को मिलाकर दक्षिण एशिया एवं पश्चिम एशिया तथा उससे परे एक आर्थिक गलियारा बनाया जा सकता है। मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की सफलता, जॉर्डन और दुनिया भर में इसके साझेदारों के लिए अपार वाणिज्यिक अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा, 'भारत और जॉर्डन के बीच संबंध एक ऐसा संबंध है जहां ऐतिहासिक विश्वास एवं भविष्य के आर्थिक अवसर एक साथ आते हैं।' मोदी ने जॉर्डन की कंपनियों को भारत के साथ साझेदारी करने और इसके 1.4 अरब उपभोक्ताओं के बाजार, मजबूत विनिर्माण आधार एवं स्थिर, पारदर्शी तथा पूर्वानुमानित नीतिगत महौल का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने भारत की आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर का उल्लेख करते हुए कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का वृद्धि आंकड़ा, उत्पादकता-आधारित राजकाज और नवाचार-प्रेरित विकास नीतियों के कारण उच्च बना है।

### बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से एटीएफ बिक्री 4.1 प्रतिशत घटी

**नयी दिल्ली:** इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री चार प्रतिशत से अधिक घट गई। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मंगलवार को यह जानकारी मिली। कोविड महामारी से पैदा हुए व्यवधानों से उबरने के बाद पिछले दो वर्षों से भारत में विमान ईंधन या एटीएफ की मांग लगातार बढ़ रही थी। हालांकि बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिसंबर 2025 में यह सिलसिला टूट गया। इंडिगो पायलट के नये कार्य अवधि नियमों, चालक दल की कमी और सर्दियों में धुंध जैसी समस्याओं से जूझ रही थी। एयरलाइन ने कुल मिलाकर लगभग 5,000 उड़ानें रद्द कीं। एटीएफ की बिक्री 1-15 दिसंबर तक 3,31,400 टन रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,45,400 टन था।

## विदेशी पूंजी की निकासी, कमजोर रुपये से दबाव में बाजार, सेंसेक्स 533 अंक फिसला




**मुंबई:** विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी, डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर चले जाने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 533 अंक लुढ़क गया जबकि सेंसेक्स में 167 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 533.50 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,679.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 592.75 अंक गिरकर 84,620.61 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को भी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इटर्नल, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाइटन, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयरों में तेजी का रुख देखा गया। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड पहली बार 91 के स्तर के पार बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 91.14 रुपये प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर को भी छुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,468.32 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,792.25 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद की।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,700 रुपये टूटकर 1.35 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नयी दिल्ली:** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चार दिन की रिकॉर्ड तेजी मंगलवार को थम गयी और सोने की कीमत 1,700 रुपये लुढ़ककर 1,35,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 4,000 रुपये बढ़कर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। पिछले चार दिनों में मूल्यवान धातु के दाम 6,000 रुपये बढ़े थे और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'सोने में मुनाफावसूली देखी गई। वैश्विक बाजारों में सोना 4,275 के स्तर पर फिसल गई और दबाव में बनी रही।'

### रूस-यूक्रेन शांति समझौते की उम्मीद से कच्चे तेल का वायदा भाव गिरकर 5,103 रुपये प्रति बैरल

**नयी दिल्ली:** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतें 39 रुपये गिरकर 5,103 रुपये प्रति बैरल रह गईं, क्योंकि रूस-यूक्रेन शांति समझौते की संभावना से बाजार में अतिरिक्त आपूर्ति वापस शुरु होने की चिंता बढ़ गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का दिसंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 39 रुपये या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,103 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 9,363 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी प्रकार, कच्चा तेल के जनवरी, 2026 माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 44 रुपये या 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,116 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 13,514 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56.10 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 1.12 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 59.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### एचडीएफसी बैंक को इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी 9.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की आरबीआई से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली:** एचडीएफसी बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक से इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.5 प्रतिशत करने की मंजूरी मिल गई है। इंडसइंड बैंक ने शेयर बाजार को दी सचूना में कहा, 'हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 15 दिसंबर 2025 के पत्र के माध्यम से एचडीएफसी बैंक (आवेदक) को इंडसइंड बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकार के 9.50 प्रतिशत तक की 'कुल हिस्सेदारी' हासिल करने की मंजूरी दे दी है।'' इसमें कहा गया कि आरबीआई ने मंजूरी देते समय यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि आवेदक आरबीआई पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर प्रमुख शेयरधारिता हासिल करने में विफल रहता है, तो मंजूरी रद्द कर दी जाएगी। यदि 'कुल हिस्सेदारी' पांच प्रतिशत से कम हो जाती है, तो इसे बैंक की कुल चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के पांच प्रतिशत या उससे अधिक तक बढ़ाने के लिए आरबीआई की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

### आईओबी में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी ओएफएस के जरिये बेचेगी सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी का विनिवेश बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये करने का फैसला किया है। बुधवार से शुरू होने वाली इस हिस्सेदारी बिक्री से सरकार को मौजूदा बाजार भाव पर करीब 2,100 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। मंगलवार को बीएसई पर आईओबी का शेयर 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 36.57 रुपये पर बंद हुआ। आईओबी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सरकार मूल पेशकश के तहत दो प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 38.51 करोड़ शेयर बेचेगी। इसके अलावा 'ग्रीन शू' विकल्प यानी अतिरिक्त बोली आने पर उसे रखने के तहत अतिरिक्त एक प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 19.25 करोड़ शेयर भी बेचने का विकल्प रखा गया है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3445 अंक 255, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in